हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 175, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 25 दिसम्बर, 2023 दिन सोमवार | गाजीपुर/वाराणसी

## भारतीय कुश्ती संघ पर निलंबन के बाद बृजभूषण ने कही संन्यास की बात

### बोले– और भी मेरे पास बहुत काम है, लोकसभा चुनाव पर मेरा ध्यान




नई दिल्ली। खेल मंत्रालय द्वारा रविवार (24 दिसंबर) को भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) पर निलंबन को लेकर पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि वह कुश्ती से संन्यास ले चुके हैं और उनका पूरा ध्यान आगामी लोकसभा चुनाव पर है। पहलवानों ने इस साल जनवरी में बृजभूषण के खिलाफ ही धरना-प्रदर्शन किया था। उसके बाद उन्हें पद से हटना पड़ा था। बृजभूषण सिंह के हटने के बाद चुनाव कराए गए थे।

21 दिसंबर को हुए डब्ल्यूएफआई चुनाव में उनके करीबी संजय सिंह चुनाव जीत गए। इतना ही नहीं अधिकांश पदों पर बृजभूषण के साथी ही चुनकर सामने आए। इसके बाद ओलंपियन साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ने का एलान कर दिया। वहीं, बजरंग पूनिया ने पद्मश्री लौटा दिया। सरकार ने बढ़ते विवाद के बाद डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया। हालांकि, खेल मंत्रालय ने कहा कि नए अध्यक्ष के द्वारा नियमों की अनदेखी के कारण यह फैसला लिया गया। बृजभूषण ने कहा, "संजय सिंह मेरे रिश्तेदार नहीं हैं। आनन-फानन में पुरानी समिति को एक निर्णय लेना पड़ा। अंडर-15 और 20 को लेकर, क्योंकि 31 दिसंबर को यह सत्र समाप्त हो जाएगा। उसके बाद यह टूनार्मेंट होता है तो उनका एक साल खराब हो जाएगा।

इसी कारण सभी फेडरेशन ने मिलकर यह निर्णय लिया कि किसी तरह से खेल का एक वातावरण शुरू हो। नंदिनी नगर में इसलिए रखा गया क्योंकि हर फेडरेशन के लोगों ने हाथ खड़ा कर दिया कि चार-पांच दिनों के अंदर हम कोई व्यवस्थान नहीं कर सकते हैं। उस बैठक में मेरी विदाई का कार्यक्रम भी रखा था। उसमें सबको दो-चार शब्द बोलना पड़ता है। इस नाते मैं वहां गया था। 15 और 20 साल के बच्चों का साल खराब नहीं हो, इस कारण नंदिनी नगर में टूनार्मेंट रखा गया।

यह फैसला आम सहमति से लिया गया था। सभी 25 फेडरेशन ने अपनी लिखित और मौखिक सहमति दी थी।" बृजभूषण ने आगे कहा, "मैंने 12 साल तक कुश्ती के लिए काम किया। अच्छा किया या गलत किया, इसका मूल्यांकन समय करेगा। एक तरह से कुश्ती खेल से मैं संन्यास ले चुका हूं। कुश्ती खेल से मैं नाता तोड़ चुका हूं। अब जो भी फैसला लेना है, सरकार से बात करना है या कानूनी प्रकिया अपनानी है, इस पर चुने गए फेडरेशन के लोग फैसला करेंगे। मैंने कुश्ती से संन्यास ले लिया है। मेरा लोकसभा का चुनाव आ रहा है। और भी मेरे पास बहुत काम है। अब जो भी काम है इससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है।

लोकतांत्रिक तरीके से सरकार की इच्छा पर और सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर चुनाव संपन्न हुआ। सभी सदस्य चुने जा चुके हैं। अब उन्हें सरकार से बात करना है या उन्हें कानूनी सलाह लेनी है, यह मेरा काम नहीं है। मेरे पास बहुत काम है।" नवनिर्वाचित निकाय द्वारा पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त नोटिस दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की जल्दबाजी में की गई घोषणा के बाद खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया।

### मणिपुर में बड़ी हिंसा की साजिश का भंडाफोड़, तलाशी अभियान में मिले गोला-बारूद के भंडार

इंफाल। असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान में बड़ी हिंसा की साजिश का भंडाफोड़ किया है। नोनी जिले के कोबुरु रिज में बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। इनपुट के आधार पर असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने बीते दिन एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसमें ये भंडाफोड़ हुआ। संयुक्त तलाशी में एक एके 56 राइफल, एक सिंगल बैरल बंदूक, गोला-बारूद, छह ग्रेनेड और युद्ध जैसे भंडार बरामद हुए। 6 दिसंबर को भी असम राइफल्स ने सीमा सुरक्षा बल, भारतीय रिजर्व बटालियन और चुराचांदपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान में चुराचांदपुर जिले के डी हाओलेनजांग गांव के बाहरी इलाके में हथियार और युद्ध जैसे भंडार बरामद किए गए थे। इससे पहले इस महीने की शुरूआत में सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर सरकार से जातीय हिंसा में नष्ट हुए पूजा स्थलों को बहाल करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में अदालत द्वारा नियुक्त समिति को विवरण देने को कहा। बता दें कि मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों से जुड़ी हिंसा 3 मई को ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ मणिपुर (एटीएसयूएम) की एक रैली के बाद भड़की थी। हिंसा और दंगे जारी रहने और कई लोगों की जान जाने के कारण, केंद्र को शांति बहाल करने के लिए अर्धसैनिक बलों को तैनात करना पड़ा था।

## राम मंदिर उद्घाटन के लिए विशेष स्मृति चिह्न भेजेगा नेपाल, जनकपुरधाम से अयोध्या तक निकलेगी यात्रा

काठमांडू। नेपाल अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए विभिन्न प्रकार के आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयों से युक्त विशेष स्मृति चिह्न भेजेगा। देश के एक अखबार की खबर में यह जानकारी दी गई है। 'माई रिपब्लिका' अखबार की खबर के मुताबिक स्मृति चिह्न देने के लिए जनकपुरधाम-अयोध्याधाम यात्रा आयोजित की जाएगी। जानकी मंदिर के संयुक्त महंत राम रोशन दास वैष्णव ने बताया कि 18 जनवरी से शुरू होने वाली यात्रा 20 जनवरी को अयोध्या में समाप्त होगी। उसी दिन स्मृति चिन्ह श्री राम जन्मभूमि राम मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिए जाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा। जनकपुरधाम से यात्रा जलेश्वर नाथ, मलंगवा, सिमरौनगढ़, गढीमाई, बीरगंज होते हुए बेतिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर होते हुए उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचेगी। खबर में कहा गया है कि इससे पहले नेपाल में कालीगंडकी नदी के तट से एकत्र किए गए शालिग्राम पत्थरों को भगवान राम की प्रतिमा बनाने के लिए अयोध्या भेजा गया था, जिन्हें उद्घाटन के दिन मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इससे पहले भगवान श्रीराम के ससुराल नेपाल में जनकपुर स्थित जानकी मंदिर के महंत को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया था। राम रोशन दास ने बताया कि शुक्रवार देर शाम निमंत्रण



मिला। इसके बाद वैदिक संस्कृति का पालन करते हुए तैयारियां की जा रही हैं। दास ने कहा कि मिथिला और अयोध्या का अनोखा रिश्ता है। हमने वहां जाने की तैयारी शुरू कर दी है। हम ह्यभारह्न को भी अयोध्या ले जाएंगे। हम 22 से 24 जनवरी तक हर्षोल्लास और उत्सव के साथ अयोध्या में रहेंगे।

**अयोध्या में 22 जनवरी को उतरेंगे 100 विमान**– त्रेता युग में जिस तरह रावण का वध कर लंका से भगवान राम पुष्पक विमान से वापस लौटे थे, कुछ ऐसा ही दिव्य नजारा 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या में देखने को मिलेगा। इस भव्य आयोजन के दिन देश-विदेश से 100 से अधिक विमानों से विशिष्ट मेहमानों के अयोध्या के मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की संभावना है। इनके अलावा वाराणसी, प्रयागराज और गोरखपुर में भी वैकल्पिक इंतजाम किए जा रहे हैं।

## बारामुला में टारगेट किलिंग, आतंकियों ने पुलिस के रिटायर्ड अधिकारी की गोली मारकर हत्या की

जम्मू। उत्तरी कश्मीर के बारामुला में आतंकवादियों ने लक्षित हत्या को अंजाम दिया है। जिले में आतंकियों ने एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी मोहम्मद शफी पर गोलीबारी कर उनकी हत्या कर दी। सुरक्षाबलों ने हमले के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी है। आतंकियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, रिटायर्ड पुलिस अधिकारी मस्जिद में अजान पढ़ रहे थे, इसी दौरान उन पर हमला हुआ। जम्मू के सीमावर्ती अखनूर सेक्टर के खौड़ क्षेत्र में शुक्रवार रात को पाकिस्तानी सेना ने पाकिस्तान की नडाला पोस्ट के पास से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करवाने की कोशिश की। इसे भारतीय सेना के मुस्तैद जवानों ने विफल कर दिया है। सेना के अनुसार इस दौरान दो घुसपैठियों को मार गिराया गया। हालांकि, उनके साथी भागते समय शवों को भी घसीट ले गए। सेना से मिली जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर की रात को सेना ने अपने निगरानी उपकरणों के माध्यम से चार घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी, जो भारतीय क्षेत्र की तरफ बढ़ रहे थे। इस पर सेना की तरफ से पहले चेतावनी दी गई। जब घुसपैठिये नहीं रुके तो भारतीय



सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की। सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों की संख्या चार से अधिक थी। उनमें से दो को को भारतीय सेना ने मार गिराया, और अन्य वापस भागने में कामयाब रहे। वे भागते के साथ मारे गए दोनों घुसपैठियों के शवों को भी घसीटते हुए ले जाने में कामयाब रहे। सेना के अनुसार घुसपैठियों ने घुसपैठ से पहले भारतीय सेना का ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान की नडाला पोस्ट के पास सरकंडों में आग लगा थी। लेकिन, भारतीय सेना ने पूरी चौकसी से घुसपैठ को नाकाम कर दिया। पुंछ के सुरनकोट में सैन्य वाहनों पर हमले के बाद से पुंछ और राजोरी के जंगली इलाकों में तलाशी अभियान भी जारी है। सुरक्षा बल थन्नामंडी, डीकेजी, दरहाल और मंजाकोट के जंगल खंगाल रहे हैं। घने जंगलों में हेलिकॉप्टर, ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद भी ली जा रही है। सूत्रों के अनुसार सेना के पैरा कमांडो, सीआरपीएफ व पुलिस की एसओजी संयुक्त तलाशी अभियान चला रही है। राजोरी-पुंछ रेंज के डीआईजी पुलिस डॉ. हसीब मुगल, एसएसपी राजोरी अमृतपाल सिंह और सेना के राष्ट्रीय राइफल के कमांडर स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

### जौनपुर में तार का करंट उतरने से ट्रक बना 'आग का गोला', जिंदा जला चालक; दर्दनाक मौत



जौनपुर। जौनपुर में सुजानगंज क्षेत्र के कुरांवा गांव में रविवार की सुबह विद्युत एचटी तार की चपेट में आने से डीसीएम आग का गोला बन गई। इसमें चालक की बुरी तरह से जलने से मौत हो गई। वाराणसी के फूलपुर निवासी ट्रक चालक कलाम मुर्गी शाला में चारा पहुंचाने का काम करता था। रविवार को सुबह वह जगह-जगह चारा पहुंचाकर वापस आ रहा था। कुरांवा गांव में जैसे ही वह पहुंचा बिजली का तार नीचे था, जिससे डीसीएम में कहीं स्पर्श कर लिया जिससे बिजली पूरे ट्रक में उतर गई और आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जितने में चालक कुछ समझ पाता उतने में आग विकराल रूप धारण कर ली। जब तक लोग पहुंचते तब तक ड्राइवर जल चुका था। उपस्थित लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक के बचे हुए शव को निकालकर थाने वापस लाई। थानाध्यक्ष रोहित मिश्र ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 'मैं पीड़ित हूं और मुझे अपमान झेलना पड़ता है', मजाक बनाए जाने पर छलका उपराष्ट्रपति का दर्द

नई दिल्ली। टीएमसी सांसद द्वारा मजाक उड़ाए जाने के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने एक बयान में कहा है कि वह पीड़ित हैं, जिन्हें लगातार अपमान झेलना पड़ता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने आधिकारिक आवास पर इंडियन स्टैटिस्टिकल सर्विस के प्रोबेशनर्स के बैच को संबोधित करते हुए यह बात कही। बता दें कि बीते दिनों विपक्षी सांसदों द्वारा राज्यसभा सभापति की मिमिक्री करने पर खूब विवाद हुआ था। सरकार ने इसे लेकर विपक्ष को निशाने पर लिया था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'मैं एक पीड़ित हूं! एक ऐसा पीड़ित, जिसे पता है कि इससे कैसे जूझना है और सारे अपमान को झेलते हुए भारत माता की सेवा करनी है।' उपराष्ट्रपति ने प्रोबेशनर अधिकारियों को सलाह दी कि वह भी आलोचना झेलने के लिए तैयार रहें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'जब मैं एक संवैधानिक पद पर हूं,



राज्यसभा का सभापति हूं और उपराष्ट्रपति हूं, उसके बाद भी लोग मुझे नहीं बख्शते! लेकिन क्या इससे मेरी मानसिकता बदलनी चाहिए? क्या ये मुझे मेरे पथ से डिगा सकता है? नहीं! मैं सच्चाई के रास्ते पर हूं और हमें हमेशा आगे बढ़ते रहना है।' बता दें कि बीते दिनों संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने सदन में हंगामा किया था। जिस पर संसद के दोनों सदनों से विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इसके खिलाफ विपक्षी नेताओं ने संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मजाक बनाते हुए उनकी मिमिक्री की थी। वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कल्याण बनर्जी की मिमिक्री का वीडियो बनाते नजर आए थे। इस पर राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जाहिर की थी और इसे खुद पर निजी हमला करार दिया था।

### भारत आ रहे तेल टैंकर की निगरानी कर रहा भारतीय तटरक्षक जहाज, कल हुआ था ड्रोन हमला

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों ने बताया कि जिस तेल टैंकर पर शनिवार को अरब सागर में ड्रोन हमला हुआ था, वह तटरक्षक बल के जहाज की निगरानी में भारत आ रहा है। कोस्ट गार्ड का डोर्नियर मेरीटाइम विमान भी तेल टैंकर की निगरानी कर रहा है। कोस्ट गार्ड के अधिकारियों ने बताया कि तेल टैंकर कल तक मुंबई पहुंच जाएगा और फिलहाल भारतीय जल क्षेत्र में दाखिल हो गया है। बता दें कि शनिवार को जापानी कंपनी का एक तेल टैंकर सऊदी अरब से भारत आ रहा था। इसी दौरान अरब सागर में उस पर ड्रोन हमला हुआ। इस हमले से जहाज पर आग लग गई। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया और जहाज पर सवार सभी क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। क्रू मेंबर्स में करीब 20 भारतीय भी शामिल हैं। पहले माना जा रहा था कि जहाज पर हमला हूती विद्रोहियों ने किया है चूंकि हाल के समय में अरब सागर और लाल सागर में कई जहाजों को हूती विद्रोहियों ने



निशाना बनाया है। अब अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने दावा किया है कि जहाज पर ड्रोन हमला ईरान से किया गया था। हमले की सूचना मिलते ही भारतीय तटरक्षक बल के डोर्नियर विमान ने जहाज की सुरक्षा के लिए उड़ान भरी और विमान द्वारा तभी से ही लगातार जहाज की सर्विलांस की जा रही है। वहीं कोस्ट गार्ड ने अपने जहाज विक्रम को भी तेल टैंकर के पास भेजा है और अब विक्रम जहाज अपनी निगरानी में तेल टैंकर को लेकर भारत आ रहा है। साथ ही भारतीय नौसेना के युद्धक जहाज आईएनएस मोरमुगाओ भी तेल टैंकर एमवी केम प्लूटो के पास पहुंच गया है और तेल टैंकर पर हमले की जानकारी ले रहा है।

## चीन ने फिर की ताइवान में घुसपैठ, रक्षा मंत्रालय का दावा- आठ चीनी फाइटर जेट्स सीमा में घुसे

ताइपे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि चीन के विमानों ने उनके हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की। ताइवान के रक्षा मंत्रालय का ये भी कहना है कि चीन के विमानों के साथ ही चीनी गुब्बारा भी ताइवान के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ। बता दें कि चीन और ताइवान के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, वहीं ताइवान खुद को चीन का हिस्सा नहीं मानता है और खुद को स्वतंत्र राष्ट्र मानता है। ताइवान को अमेरिका का समर्थन प्राप्त है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के जे-10, जे-11 फाइटर जेट्स ने स्ट्रेट ऑफ मीडियन लाइन को पार किया। बता दें कि स्ट्रेट ऑफ मीडियन लाइन को दोनों देशों के बीच की अनाधिकारिक जलसीमा है। हालांकि बीते कुछ समय से चीन के विमान और सर्विलांस जहाज लगातार इस सीमा का उल्लंघन कर रहे हैं। सीमा उल्लंघन की जानकारी होने पर ताइवान ने अपनी सेना भी स्थिति की समीक्षा के लिए मौके पर भेजी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय का दावा है कि चीन के एक गुब्बारे ने भी ताइवान की सीमा में प्रवेश किया। गुब्बारे ने शनिवार की सुबह ताइवान के



हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की और यह ताइवान के तटीय शहर कीलुंग तक पहुंच गया था। बता दें कि ऐसा ही एक गुब्बारा कुछ समय पहले अमेरिका में देखा गया था। अमेरिका ने दावा किया था कि यह जासूसी गुब्बारा था और अमेरिका ने गुब्बारे को निशाना बनाकर गिरा दिया था। इससे पहले अप्रैल में भी चीन के फाइटर जेट्स ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की थी। गौरतलब है कि ताइवान में अगले साल जनवरी में आम चुनाव होने हैं। इन चुनावों पर अमेरिका और चीन के गहरे रणनीतिक हित जुड़े हैं। यही वजह है कि ताइवान का चुनाव अमेरिका बनाम चीन हो गया है और पूरी दुनिया की नजरें इन चुनावों पर लगी है।

### हिजाब मुद्दे को लेकर बुरी तरह फंसी कांग्रेस, केटीआर राव बोले- देशभर की जनता देख रही उनका रवैया

हैदराबाद। कर्नाटक में एक बार फिर से हिजाब के मुद्दे को लेकर सियासत गमार्यी हुई है और कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने नजर आ रही हैं। इस बीच, पड़ोसी राज्य तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बेटे केटीआर राव का बयान सामने आया जिसमें उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया का हवाला देते हुए कहा कि अभी हिजाब पर लगा प्रतिबंध हटाया नहीं गया है। कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थानों में लगे हिजाब प्रतिबंध को समाप्त करने की सिद्दरमैया सरकार ने बात की, लेकिन भ्रम की स्थित तब पैदा हुई जब मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने शुक्रवार को पहले यह एलान कर दिया कि हिजाब पहनने पर प्रतिबंध 23 दिसंबर से हटा दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सिद्दरमैया ने शनिवार को एक नया बयान जारी कर स्पष्टीकरण दिया कि राज्य सरकार अभी शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगी रोक को हटाने पर विचार कर रही है और विचार-विमर्श के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने अभी ऐसा किया नहीं है। भारत राष्ट्र समिति नेता केटीआर राव ने कहा कि देशभर के लोग



कांग्रेस पार्टी का रवैया देख रहे हैं कि वह सत्ता में आने से पहले क्या कहते हैं और फिर हुकूमत में आने के बाद कैसे बदल जाते हैं... उन्होंने आगे कहा कि मैं ज्यादा टिप्पणी नहीं करूंगा। यहां (तेलंगाना) पर जो नई सरकार बनी है उनको समय देना हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन हमको लगता है कि वो लोग जल्दबाजी में हैं और तेलंगाना को बदनाम करना चाहते हैं।

## संपादकीय

### सजा के सवाल

संसद के शीतकालीन सत्र में अभूतपूर्व हंगामे और निलंबन के बीच कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए हैं, जो आजाद भारत में न्यायिक सुधारों की दृष्टि से मील के पत्थर कहे जा सकते हैं। दूरसंचार से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक के अलावा उन औपनिवेशिक कानूनों के बदलाव का रास्ता भी साफ हुआ जो भारतीयों को दंडित करने के लिये ब्रिटिश शासकों ने बनाये थे। इसी क्रम में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य कानून ने ली है। अब शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन तीन विधेयकों को राज्यसभा की मंजूरी मिलने के बाद ये विधेयक राष्ट्रपति की मोहर लगने पर कानून का रूप ले लेंगे। अभी सार्वजनिक विमर्श में इन नये बनने वाले कानूनों को लेकर ज्यादा जिक्र नहीं हुआ, लेकिन विधेयक में डॉक्टरों के लिये हल्की सजा के प्रावधान को लेकर चर्चाएं जरूर हैं। कहा जा रहा है कि जीवन से खिलवाड़ के प्रश्न पर हल्की सजा का प्रावधान क्यों? जबकि पहले ही कानून उन्हें संरक्षण देता है। दरअसल, संसद द्वारा हाल ही में पारित भारतीय न्याय संहिता में जो बदलाव किया गया है वह डॉक्टरों के लिये तो निश्चय की राहतकारी है, लेकिन यदि वास्तव में जानलेवा लापरवाही होती है तो क्या मरीज को न्याय मिल सकेगा? कुछ लोग इस फैसले की तार्किकता पर सवाल उठाते हैं। दरअसल, भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 में किसी लापरवाही से होने वाली मौत के लिये जुमार्ने के अलावा पांच साल की सजा का प्रावधान है। मगर इलाज में लापरवाही के प्रकरण में चिकित्सकों को राहत देते हुए इस सजा को घटाकर अधिकतम दो साल व जुमार्ना कर दिया गया है। सरकार की दलील है कि लोगों के इलाज करने वाले चिकित्सकों को अनावश्यक दबाव से बचाने के लिये भारतीय मेडिकल एसोसिएशन के आग्रह पर यह कदम उठाया गया है। लेकिन वहीं जानकार मानते हैं कि मरीजों के जीवन रक्षा के अधिकार का भी सम्मान होना चाहिए। जबकि कानूनी मामलों के जानकार बताते हैं कि चिकित्सा उपचार में लापरवाही से जुड़े कानून की तीन धाराएं अब तक सजा तय करती रही हैं। समय-समय पर आए न्यायिक फैसलों के आलोक में इन धाराओं की विवेचना माननीय न्यायाधीशों ने की है। उल्लेखनीय है कि दो धाराओं की व्याख्या तो शीर्ष अदालत के दो निर्णायक फैसलों के परिप्रेक्ष्य में की गई है। दरअसल, न्यायालय भी मानता रहा है कि विभिन्न कारणों से लापरवाही के गलत आरोपों से चिकित्सकों को संरक्षण दिया जाना चाहिए। वहीं अदालत किसी अन्य पेशे की लापरवाही व चिकित्सीय उपचार की संवेदनशीलता के चलते दोनों में फर्क करने की बात कहती रही है। कोर्ट का मानना है कि उपचार के विभिन्न पहलुओं के चलते हर नकारात्मक परिणाम को लापरवाही नहीं कहा जा सकता। दरअसल, चिकित्सकों को सुरक्षा कवच पेशागत विशिष्टता के चलते दिया गया है। जिसके चलते लापरवाह डॉक्टरों पर मुकदमा दर्ज कराना पहले ही आसान नहीं था। दरअसल, किसी भी लापरवाही के आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कोई भी निजी शिकायत तभी दर्ज होती है, जब इस बारे में कोई योग्य डॉक्टर राय देता है। इतना ही नहीं, यदि शिकायत दर्ज हो भी जाती है तो एक बार फिर मामले की जांच करने वाले अधिकारी को चिकित्सकीय राय लेनी होती है। यानी जटिल परिस्थितियों में ही लापरवाह चिकित्सक की गिरफ्तारी अपवाद स्वरूप ही संभव हो सकती है। ऐसे में नागरिक अधिकारों के समर्थक मानते हैं कि लापरवाही करने वाले डॉक्टरों पर पहले मामला दर्ज करना कठिन होता है। वहीं उनके खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया शुरू करना और भी कठिन होता है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि यदि वाकई डॉक्टर लापरवाही का दोषी पाया जाता है, तो क्या उसे कम सजा पाने का हक होना चाहिए? खासकर जब चिकित्सा क्षेत्र में पांच सितारा चिकित्सा संस्कृति का वर्चस्व बढ़ रहा है और धनाढ्य वर्ग का चिकित्सा व्यवसाय में दखल बढ़ता जा रहा है तो आम व साधनविहीन वर्ग के हितों की अनदेखी तो नहीं की जा सकती। बहुत संभव है कि आने वाले दिनों में सरकार भी ऐसी विसंगतियों पर मंथन करे।

### बन रही ना पैठ!



जो बातें हैं गलत ।
हो उनका विरोध ।।
करके सोच छोटी ।
है आता अवरोध ।।
कर रहा ये वोट बैंक ।
सबका ही नुकसान ।।
ध्यान सही का रख कर ही ।
है हटता व्यवधान ।।
है करना मूल्यांकन ।
मिल रही जो हार ।।
किससे कब कब क्या ?
है किया करार ।।
दिल में लगता आजकल ।
बन रही ना पैठ ।।
दूसरा पर कैसे ।
कर लिया घुसपैठ ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# यूपी में राज्यसभा और विधान परिषद चुनाव में बीजेपी नये चेहरों पर लगा सकती है दांव

**अजय कुमार**

आम चुनाव से पूर्व उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष अप्रैल में राज्यसभा की भी 10 सीटों पर और मई में विधान परिषद की 13 सीटों पर चुनाव होगा। इसके अलावा लखनऊ पूर्वी की एक विधान सभा सीट पर भी चुनाव होना है। यहां के भाजपा विधायक गोपाल जी टंडन की हाल ही में मृत्यु हो गई थी। पार्टी के एक उच्च पदस्थ सूत्र का कहना है कि विधान परिषद की कुल 18, राज्यसभा की 10 और लोकसभा की 80 सीटों पर चुनाव से पार्टी नए नेतृत्व को मौका देने की शुरूआत करेगी। इनके जरिये पार्टी प्रदेश में अगड़े, पिछड़े, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग में अपनी नई लीडरशिप भी तैयार करेगी। पार्टी जिन्हें फिर से विधान परिषद, लोकसभा या राज्यसभा जाने का मौका नहीं देगी, उन्हें भी संगठन से जुड़ी कोई न कोई जिम्मेदारी दी जाएगी। जातीय समीकरण साधते हुए इन सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। इसके अलावा इसमें महिला और युवाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। टिकट पाने वालों में पंचायतीराज और नगरीय निकाय संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, सहकारी संस्थाओं में चुने हुए प्रतिनिधि, पार्टी के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

बहरहाल, आम चुनाव तो अगले वर्ष के मध्य से कुछ पूर्व होना है, परंतु इससे पूर्व बीजेपी को कुछ और चुनावों का भी सामना करना है। कुछ दिनों के भीतर सबसे पहले पूर्व लखनऊ पूर्व विधान सभा सीट पर चुनाव होना है। यह सीट बीजेपी विधायक गोपाल जी टंडन की मौत के बाद खाली हुई है। आम चुनाव से पूर्व इस सीट को जीतने के लिए बीजेपी ने पूरी ताकत लगा दी है। वह नहीं चाहती है कि यह सीट उसके हाथ से निकल जाये। यदि यहां बीजेपी हार गई तो इसका गलत मैसेज आम चुनाव में भी जायेगा। इसी के साथ कुछ महीनों के भीतर यूपी में राज्यसभा और विधान परिषद की कुछ रिक्त सीटों के लिए भी चुनावी बिसात सजेगी। बता दें कि राज्यसभा में उत्तर प्रदेश के कोटे की 10 सीटों का कार्यकाल आम चुनाव से पहले 2 अप्रैल, 2024 को खत्म हो जायेगा। वहीं, विधान परिषद में भी विधायक कोटे की 13 सीटें 5 मई को खाली हो जाएंगी। इसलिए, लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने के साथ बीजेपी एवं अन्य दलों को इन सीटों का गुणा-भाग भी दुरुस्त करना पड़ेगा। यूपी कोटे की राज्यसभा की जो 10 सीटें खाली हो रही हैं, उसमें फिलहाल 9 सीटों पर भाजपा का कब्जा हैं। सपा से एक मात्र सीट जया बच्चन की खाली होगी। चुनाव आयोग अगले वर्ष मार्च में इसके लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर सकता है। वहीं, विधान परिषद में खाली हो रही 13 सीटों में 10 भाजपा, एक उसके सहयोगी अपना दल और 1-1 सपा और बसपा के पास है। 5 मई के पहले इन सीटों पर भी चुनाव प्रस्तावित है। बात राज्य सभा की जो दस सीटें रिक्त हो रही हैं, उसके बारे में की जाये तो इसमें से एक सीट पर मार्च 2018 को हुए राज्यसभा चुनाव में सपा ने जया बच्चन को मैदान में उतारा था और वह चुनाव जीत गई थीं। वहीं एक अन्य सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले मायावती से दोस्ती का हाथ बढ़ाने की कोशिश में लगी सपा ने बसपा उम्मीदवार भीमराव आंबेडकर को समर्थन दिया था। हालांकि, क्रॉस वोटिंग व संख्या गणित में भाजपा भारी पड़ी और उसने अपने 9 उम्मीदवार जिता लिए थे। सपा से जया बच्चन तो चुनाव जीत गईं, लेकिन बसपा से भीमराव हार गए थे। 2022 के चुनाव के बाद विधानसभा के बदले गणित के चलते इस बार भाजपा के लिए सभी सीटों को बचा पाना मुश्किल होगा, जबकि सपा के पास राज्यसभा में संख्या बढ़ाने का मौका होगा।



बता दें कि विधानसभा की मौजूदा सदस्य संख्या के हिसाब से राज्यसभा से एक प्रत्याशी जिताने के लिए 37 वोट की जरूरत होगी। सपा के पास 109 और रालोद के पास 9 विधायक हैं। ऐसे में 118 विधायकों के साथ सपा कम से कम तीन सीटें जीतने की स्थिति में होगी। सत्तारुढ़ गठबंधन के पास कुल 279 (भाजपा-254, अपना दल (एस)-13, निषाद पार्टी-6, सुभासपा-6) विधायक हैं। ऐसे में 7 सीटों पर उसकी जीत लगभग तय है। इसके अलावा कांग्रेस के पास 2, जनसत्ता दल के पास 2 व बसपा के पास एक विधायक है। जनसत्ता दल का समर्थन आम तौर पर भाजपा को रहता है। पिछले विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस व बसपा ने किसी भी दल के प्रत्याशी का समर्थन नहीं किया था। हालांकि, लोकसभा चुनाव के लिए पक्ष और विपक्ष दोनों ओर नए दोस्तों को जोड़ने-तोड़ने की कोशिशें चल रही है। ऐसे में चुनाव के समय तक दोस्ती व निष्ठा के टिकने-डिगने के आधार पर संख्या व समीकरण आगे-पीछे हो सकता है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद में इस समय कांग्रेस का कोई भी सदस्य नहीं है। ऐसा पहली बार हुआ है। पिछले साल जुलाई में कांग्रेस पहली बार यूपी के विधान परिषद में शून्य पर पहुंच गई थी। कांग्रेस की स्थिति में फिलहाल आगे भी सुधार होते नहीं दिख रहा है। यही स्थिति इस बार मई में विधान परिषद में बसपा की भी हो सकती है। वह भी शून्य पर पहुंच जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा। उसके पास केवल एक विधायक है और इस आधार पर उसका उम्मीदवार पर्चा भी नहीं भर सकता, क्योंकि नामांकन के लिए भी 10 प्रस्तावक की जरूरत होती है। विधानसभा के मौजूदा गणित के हिसाब से विधान परिषद में एक प्रत्याशी जिताने के लिए 29 विधायक की जरूरत पड़ेगी। अगर सत्तापक्ष और विपक्ष अपने मौजूदा सभी सहयोगियों को चुनाव होने के समय तक साथ रखने में सफल रहते हैं तो भाजपा गठबंधन कम से कम 9 और सपा-रालोद गठबंधन 4 सीटें जीतने की स्थिति में होगा। इसका एक बड़ा फायदा सपा के लिए यह होगा कि एक बार फिर वह विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की सीट की दावेदार हो जाएगी। परिषद में अभी उसके 9 सदस्य हैं और नेता प्रतिपक्ष के लिए जरूरी 1/10 सदस्य के मानक से वह एक पीछे है। 5 मई को खाली हो रही सीटों के हिसाब से सपा की सदस्य संख्या घटकर 8 रह जाएगी। सपा के पास अपने 109 विधायक हैं। ऐसे में कम से कम 3 सीट वह अपने दम पर भी जीतने की स्थिति में है। लिहाजा, परिषद में उसका दहाई में जाना तय है और उसे नेता प्रतिपक्ष का पद वापस मिल जाएगा। भाजपा के जिन राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है उसमें अनिल अग्रवाल, अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, विजय पाल तोमर, सुधांश त्रिवेदी, हरनाथ सिंह यादव और सपा की जया बच्चन शामिल हैं। इसी प्रकार विधान परिषद में जिन नेताओं का कार्यकाल खत्म होने वाला है उसमें भाजपा के यशवंत सिंह, विजय बहादुर पाठक, विद्या सागर सोनकर, सरोजनी अग्रवाल, अशोक कटारिया, अशोक धवन, बुक्कल नवाब, महेंद्र कुमार सिंह, मोहसिन रजा, निर्मला पासवान शामिल हैं।

# पाकिस्तान के अपने कर्मों ने ही तालिबान को बना दिया है उसका दुश्मन

**मनीष राय**

हाल ही में एक नाटकीय खुलासा हुआ कि कुख्यात हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख और तालिबान की अंतरिम सरकार में गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के पास पाकिस्तानी पासपोर्ट था और उसे रद्द कर दिया गया है। यह घटनाक्रम थोड़ा अजीब था क्योंकि हक्कानी नेटवर्क को पाकिस्तान का पुराना सहयोगी माना जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय देखने में आया है की पाकिस्तान और उसके चहेते हक्कानी नेटवर्क के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। सिराजुद्दीन हक्कानी ने पाकिस्तान की अफगान नीतियों की आलोचना की जैसे- उन्होंने अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान से निष्कासित करने के पाकिस्तान सरकार के फैसले को "गैरइस्लामिक" बताया। कई विश्लेषकों का मानना है कि हक्कानी का पाकिस्तानी पासपोर्ट रद्द कर के तालिबान शासन को कड़ा संदेश देने की कोशिश की गयी। पिछले महीने अफगानिस्तान के लिए पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि आसिफ दुरार्नी ने अपनी चेतावनी दोहराते हुए कहा था कि अफगानों को "पाकिस्तान या टीटीपी को चुनना होगा"। पिछले कुछ समय से इस्लामाबाद और काबुल के बीच तापमान बढ़ रहा है। टीटीपी पर लगाम लगाने से इंकार करके, पाकिस्तान का मानना है कि मौजूदा अफगान शासन ने पहले ही अपनी पसंद बना ली है। और अब इस्लामाबाद पाकिस्तान से लाखों अफगान शरणार्थियों को बाहर निकाल कर, प्रमुख सीमा मार्ग बंद करके और हाल के महीनों में अफगान पारगमन माल को अस्थायी रूप से रोककर अफगान तालिबान को मजबूर करने की कोशिश कर रहा है। अफगान-पाक क्षेत्र पर नजर रखने वाले कई विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान और तालिबान के बीच संबंध, जो दशकों से करीबी सहयोगी के रहे हैं, संकट के बिंदु पर पहुंच गए हैं तनाव के और बढ़ने से दोनों देशों के सुरक्षा और आर्थिक हितों को नुकसान हो सकता है। वर्तमान में, पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच विवाद का मुख्य कारण तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) है जिसे पाकिस्तानी तालिबान के नाम से अधिक जाना जाता है, लेकिन अन्य कारण भी हैं जो द्विपक्षीय संबंधों को खराब करने में योगदान दे रहे हैं। आइए इन पर एक नजर डालें।

गहरा अविश्वास- तालिबान पाकिस्तान के प्रतिनिधि के रूप में काम करना या दिखना भी नहीं चाहता। उन्हें अब पाकिस्तानी सरकार विशेषकर उसके सैन्य प्रतिष्ठान पर भरोसा नहीं है, क्योंकि अमेरिकी दबाव के कारण वह जल्द ही दुश्मन बन गया और तालिबान नेताओं को संयुक्त राज्य अमेरिका को सौंपने की हद तक चला गया। पाकिस्तान के इस विश्वासघात को तालिबान ने हमेशा याद रखा और नाराजगी जताई। जब अमेरिकी सेनाएं अफगानिस्तान में थीं, तब तालिबान ने राजनीतिक सुविधा और पनाहगाहों की आवश्यकता के कारण पाकिस्तान के साथ संबंध बहाल किए और बनाए रखे। लेकिन अब पनाहगाहों की जरूरत नहीं है, इसलिए तालिबान को अपने अस्तित्व के लिए पाकिस्तान पर निर्भर रहने की कोई जरूरत नहीं है।

सीमा विवाद- पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच तनाव का एक और महत्वपूर्ण कारण अफ-पाक सीमा है जिसे आमतौर पर डूरंड रेखा के रूप में जाना जाता है। तालिबान, सभी पूर्ववर्ती अफगान सरकारों की तरह, डूरंड रेखा को दोनों देशों के बीच की सीमा के रूप में मान्यता देने के लिए तैयार नहीं है। वास्तव में, पाकिस्तानी सेना और तालिबान बलों के बीच सीमा पर झड़पों की एक श्रृंखला हुई है, एक ऐसा घटनाक्रम जिसने शुरू में कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था।

पाकिस्तान द्वारा शांति वार्ता का शोषण- पाकिस्तानी सेना के अनुरोध पर अफगान तालिबान ने टीटीपी और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ के रूप में काम किया और काबुल में शांति वार्ता की मेजबानी की। हालाँकि, टीटीपी के साथ बातचीत के दौरान पाकिस्तान ने जो दोहरी भूमिका निभाई, उससे अफगान तालिबान नाराज हो गया। पाकिस्तान ने टीटीपी के वरिष्ठ कमांडरों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए बातचीत का इस्तेमाल एक जाल के रूप में किया और अफगानिस्तान के अंदर उनमें से कई को निशाना बना के मारा गया।

पाकिस्तान का आर्थिक ब्लैकमेल- पाकिस्तान हमेशा से चाहता है कि अफगानिस्तान आर्थिक रूप से उस पर निर्भर रहे। अफगानिस्तान एक जमीन से घिरा देश है और इसका अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पाकिस्तान के कराची बंदरगाह के माध्यम से होता है। अफगानों की इस निर्भरता को पाकिस्तान पहले भी कई बार ब्लैकमेलिंग और दबाव बनाने के लिए एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर चुका है। हाल ही में पाकिस्तानियों ने अफगानिस्तान जाने वाले आयात से भरे हजारों कंटेनरों के पारगमन को अस्थायी रूप से रोक दिया था, जो महीनों से कराची के बंदरगाह शहर में फंसे हुए थे। वैकल्पिक अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्ग खोलने के लिए तालिबान ने देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित ईरान के रणनीतिक चाबहार बंदरगाह तक पहुंच के लिए ईरानियों से संपर्क किया है।

रणनीतिक विविधता- तालिबान शासन क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण प्रमुख शक्तियों के साथ कामकाजी संबंध स्थापित करके अपने भूराजनीतिक पोर्टफोलियो में विविधता लाना चाहता है। यही कारण है कि तालिबान ने पारंपरिक रूप से अपेक्षाकृत मधुर भारत-अफगानिस्तान संबंधों को फिर से स्थापित करने की कोशिश की है। तालिबान अधिकारियों (जिनमें कभी भारतीय ठिकानों पर हमलों में शामिल लोग भी शामिल थे) ने भारतीय कंपनियों से रुकी हुई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम फिर से शुरू करने का अनुरोध किया है, जिस पर नई दिल्ली सक्रिय रूप से विचार कर रही है। इससे पाकिस्तानी नीति निमार्ताओं में चिंता बढ़ रही है।

काबुल में अत्यधिक निर्भर सरकार बनाने का इस्लामाबाद का दीर्घकालिक उद्देश्य अब अंततः धराशायी हो गया है। जैसा कि वर्तमान में सत्तारुढ़ तालिबान शासन के साथ है, जो पाकिस्तान को कोई रणनीतिक लाभ प्रदान करने या सुरक्षा में योगदान देने के बजाय, इस्लामाबाद के लिए एक चिंताजनक राह का कांटा बन गया है। अफगान तालिबान को मजबूर करने के लिए पाकिस्तान अफगान शरणार्थियों को बाहर निकालने जैसे एकतरफा फैसले ले रहा है, लेकिन इन कदमों से काबुल में पाकिस्तान के लिए अभी भी बची हुई थोड़ी-सी राजनयिक सद्भावना खत्म हो जाएगी। दूसरी ओर, यह अफगानिस्तान में पहले से ही व्याप्त पाकिस्तान विरोधी जनमत को और भी प्रबल करेगा। इस्लामाबाद में नीति निमार्ताओं को यह स्वीकार करना चाहिए कि उनकी अफगान नीति बुरी तरह विफल रही है और इसमें सुधार की आवश्यकता है।

# मानव सेवा के संकल्प को साकार कर रही है वानरसेना

## जौनपुर में हुआ देवदूत वानर सेना का महासंवाद





जौनपुर । जिले बंधन वाटिका में मानवता व असहाय व गरीब लोगों के सहयोग हेतु बहुचर्चित देवदूत वानरसेना के सदस्यों के परिचय समारोह व संवाद का कार्यक्रम सफलता के साथ रविवार को संपन्न हुआ । संगठन के संरक्षक अजीत कुमार सिंह के आवाहन पर देश भर के वानर देवदूत जौनपुर में इकट्ठा हुए। कार्यक्रम को जिले के प्रमुख समाजसेवी व भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानप्रकाश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मानवता कि सेवा ही असली सेवा है। हनुमान जी के साथ मिलकर तमाम वानरों ने प्रभु श्री राम का साथ दिया। और लंका पर विजय पाया । बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा ने कहा की अजीत सिंह के आवाहन पर देश के हजारों देवदूतों ने सोशलमीडिया के माध्यम से हजारों लोगों का सहयोग किया है । हम भी इस उत्साह को देखकर इस संगठन का छोटा सा वानर वन गया हूं। गाजियाबाद के आरटीओ के डी सिंह की पुस्तक का विमोचन भी हुआ । इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि मै वानर सेना का एक सैनिक बनकर इस संगठन के सभी अभियान में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करता हूं । यह संगठन गरीब व लाचार लोगों के इलाज व बेटियों कि शादी व लोगों कि मदद बिना किसी जाति या धर्म का भेद किये बिना करती है। यह संगठन बड़ा हो गया है इस लिए इसमें जिम्मेदारी तय करने का वक्त आ गया है। आजमगढ़ के पूर्व विधायक व उद्योगपति गुड्डू जमाली , प्रतापगढ़ के युवा प्रमुख सोनू सिंह , पत्रकार वारीन्द्र पाण्डेय आदि ने भी संबोधित किया।

### पीएम के नेतृत्व में 2047 तक भारत को अमेरिका या उससे भी अधिक शक्तिशाली बनाने का ग्रामीणों को दिया भरोसा

प्रखर दुल्लहपुर (गाजीपुर)। क्षेत्र के टड़वा-टप्पा गांव में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया। उक्त अवसर पर स्थानीय जनता से संवाद कर मोदी के विकसित भारत के संकल्प को दोहराया ।कहा 2014 से जब से भारत में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकार बनी देश व प्रदेश के बेसहारा व गरीब लोगों के जीवन का सर्वांगीण विकास हुआ है। सरकार की विभिन्न योजनाएं जनधन से लेकर प्रधानमंत्री आवास, सौभाग्यवती योजना, बीपीएल महिलाओं को फ्री रसोई गैस, वृद्धा पेंशन दिव्यांग पेंशन, कोरोना काल से ही मुफ्त अनाज आदि गरीबों को समर्पित रहा है। भाजपा के मण्डल अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा घर-घर खुशहाली, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से भारत के कोने-कोने में गांवों-कस्बों तथा शहरों में रोज लाखों लोग जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री




नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा जन-जन को विश्वास और संकल्प दिलाएगी कि विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी का योगदान होगा। देश में अगर मोदी जैसा नेतृत्व रहा तो अपना भारत सबसे सुंदर और मजबूत भारत होगा हरगांव शहर का तेजी से विकास होगा और लोगों के जीवन में सरकार की योजनाओं से खुशहाली आएगी यह मोदी की गारंटी है। कार्यक्रम के समापन होने तक बीजेपी कार्यकर्ताओ सहित खंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे । इस मौके पर जखनिया विधानसभा भाजपा के क्षेत्रीय कार्यकर्ता मुराहु राजभर , मनोज यादव,सरवन सिंह ,सहायक विकास अधिकारी, सचिव ,ग्राम प्रधान दिलास यादव,छविनन्दन यादव, सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम,राजस्व विभाग की टीम,शिशु एवं मातृत्व कल्याण विभाग,क्षेत्रीय आम जनता सहित आम जन मौजूद रहे।

# भोजपुरी गायकों के गायकी से झूम उठा पिंडरा

**बम बम बोल रहा है काशी से झूम उठा पंडाल, हर तरफ योगी योगी, शोर है मोदी मोदी के गाने पर मचा शोर, बजी तालियां**



प्रखर पिंडरा वाराणसी। धर्म संस्कृति व परम्परा व विलुप्त हो चुकी गायन व नृत्य को जीवंत करने वाले तीन दिवसीय पिंडरा महोत्सव का शुभारंभ अयोध्या से आई टीम द्वारा फरवाई लोकनृत्य से हुआ। दोपहर बाद शुरू हुई सुर व संगीत के लोक नृत्य का समा समय के अनुसार बढ़ते चला। सायंकाल में पूरा कार्यक्रम अपने चरम पर दिखा। हजारों की संख्या में जुटे ग्रामीणों का समर्थन पाकर कलाकार भी जोश में दिखे। पहली बार पिंडरा स्थित नेशनल इंटर कालेज के खेल मैदान पर हो रहे पिंडरा महोत्सव के दौरान जब कलाकारों को स्थानीय लोगों का समर्थन मिला तो महोत्सव अपने चरम पर पहुच गया। सुर संग्राम के विजेता व भोजपुरी के नामचीन गायक विपुल चौबे के गायन बम बम बोल रहा है काशी के गायन पर झूम उठा। उसके बाद भोजपुरी गायिका आराधना सिंह की गायकी ' यदि त्रेता में राम न होते , द्वापर में घनश्याम न होते ,चारो धाम न होते तो जग का कल्याण नही होता' पर पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। भोजपुरी गायक रविन्द्र ज्योति द्वारा मंच पर आते ही श्रोताओं ने तालियों से स्वागत किया। उनके द्वारा भजन के साथ भक्ति गीत पर श्रोता झूम उठे। बिरहा गायक दीपक सिंह के बिरहा गायन के बाद जब मंच पर भोजपुरी युवाओं के चहेते मोहन राठौर ने बढ़कर एक गीत की प्रस्तुति कर लोगों की वाहवाही लूटी। श्रोताओं के बीच मोहन राठौर के बीच जाकर गाने पर लोगों में उत्साह और बढ़ गया। सुर संग्राम के विजेता जब गायक मनोहर सिंह उनकी पत्नी अलका सिंह के गाने पर तो पूरा पंडाल उठ खड़ा हो और तालियां गुजने लगी। भोजपुरी गायक नीरज सिंह की प्रस्तुति भी श्रोताओं के बीच प्रभावी रही। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। महोत्सव कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से सायँ 5 बजे तक चला।

**पिंडरा महोत्सव में आज के कार्यक्रम**– महोत्सव दूसरे दिन सोमवार को गोरखपुर के सांसद व फिल्म अभिनेता रविकिशन बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। वही दिल्ली के सांसद व प्रसिद्ध गायक मनोज तिवारी, आजमगढ़ के सांसद व भोजपुरी गायक व अभिनेता दिनेश लाल निरहुआ, भोजपुरी गायक गोपाल राय, अर्जंलि सिंह, फौजदार सिंह व सतीश पांडेय अपनी प्रस्तुति देंगे।

## इण्डिया गठबंधन अब खण्ड खण्ड हो चुका है : जेपीएस राठौर



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर का लखनऊ से गाजीपुर जाते समय भड़सर पुलिस चौकी के पास जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर और वरिष्ठ भाजपा नेता रामलाल सिंह घुरा के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ सैकड़ो लोगों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर मीडिया कर्मियों से बात करते हुए एक प्रश्न के सवाल पर जे पी एस राठौर ने कहा कि इंडिया गठबंधन अब खंड-खंड हो चुका है इसका जीता जागता उदाहरण राजस्थान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में देखने को मिला है इतना ही नहीं कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन का नाम लेकर चलने वाले अन्य दलों ने कांग्रेस के खिलाफ ही तीन राज्यों के चुनाव में प्रत्याशी उतार कर यह साफ कर दिया है कि यह गठबंधन स्वार्थ का गठबंधन है और जनता को भ्रमित करने के लिए बनाया गया है इस गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है एक बार फिर से देश की जनता की आवाज बन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे और गठबंधन के नाम पर राजनीति करने वालों को जनता के मताधिकार से जवाब भी देंगे। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान विनोद गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, अवधेस राजभर, चंद्रभान राजभर, आकाश राजभर, सुभाष सिंह, प्रदीप राजभर, रमेश यादव, सचिव अजित सिंह, कृष्णा राजभर, ओमप्रकाश राजभर सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पुलिस परामर्श केंद्र पर प्रस्तुत हुए 16 वाद जिसमे 13 परिवार हुए एक दूजे के

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को परिवार परामर्श केंद्र गाजीपुर द्वारा पुलिस लाइसं गाजीपुर के प्रांगण में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में कुल 16 पारिवारिक विवाद प्रस्तुत हुए। इनमें मोनम देवी पत्नी रोहित कुमार निवासी दामोदरपुर डिहवा थाना करण्डा जनपद गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसके मायके वालो से व्यवसाय करने के लिये रुपयो की मांग करते रहते है इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई। मंजू देवी पत्नी सुरेश बिन्द निवासी तलवल थाना सदर जनपद गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति का जेठानी से अबैध सम्बन्ध है इस पर पति और जेठानी को समझाकर विदाई करवाई गई। आंचल कुमारी पत्नी बृजेश कुमार निवासी लखनचन्द्रपुर थाना करण्डा की शिकायत थी कि उसके पति कि पहले ही शादी हो चुकी थी जिसके दो लड़के भी थे जिसकी जानकारी उसके मायके वालो को नहीं थी जब वह ससुराल गई तब उसकी जेठानी और पति उसके साथ अच्छा व्यवहार नही करते थे इस पर पति और जेठानी को समझाकर विदाई करवाई गई। बचली देवी पत्नी संदीप निवासी सगरा थाना नन्दगज गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति बात बात पर उसके साथ मारपीठ करते रहते है। इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई। मनीषा चौहान पत्नी सोनू चौहान निवासी संरवा थाना सरायलखन्सी मऊ की शिकायत थी कि उसके पति की मौसेरे भाई पति को उकसाकर उसके साथ मारपीठ करवाते रहते है इस पति व मौसेरे भाई को समझाकर विदाई करवाई गई।

## उदयचन्दपुर बगीचे में पेड़ से टंगी एक युवक की लाश मिलने से फैली सनसनी

प्रखर केराकत (जौनपुर)। केराकत तहसील क्षेत्र के उदयचन्दपुर गाँव के बगीचे में रविवार की सुबह पेड़ से टंगी एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पूरनपुर गाँव निवासी अभिलेश यादव उर्फ मित्तल जिसकी उम्र 26 वर्ष है पिता के साथ सरायबीरू में स्थित किराने की दुकान पर रहता था। वह शनिवार की शाम को दुकान के किसी कार्य से बाइक से निकला। देर हो जाने पर जब वह वापस नहीं आया तो उसका मोबाइल लगाया गया लेकिन मोबाइल नहीं उठा। सुबह होने पर उसकी फांसी से मौत की सूचना पर परिजन हतप्रत रह गये।

## 26 दिसम्बर को होगा कांग्रेस पार्टी का पिछड़ा वर्ग महा सम्मेलन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला कांग्रेस पार्टी के सकलेनाबाद, लंका स्थित कैंप कार्यालय में कांग्रेस पार्टी "पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ" के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने जिलाध्यक्ष सुनील राम, शहर अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, एआईसीसी रविकांत राय एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ एक प्रेस वार्ता की और बताया कि आगामी 26 दिसंबर 2024 को स्थानीय लंका, गाजीपुर के मैदान में कांग्रेस पार्टी के पिछड़ा वर्ग का महा सम्मेलन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार होगा। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव और पूर्व विधायक धीरज गुर्जर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रेस कांफ्रेंस में मनोज यादव ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी और हमारे नेता राहुल गांधी की जातिगत जनगणना कराए जाने की मुहिम चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस देश के संसाधनों में सरकारी नौकरियों में और हर स्तर पर इसे खत्म करने के लिए हमलोग जनगणना कराने और सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए सम्मेलन को आयोजित किए हैं।



उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हैं इस कार्यक्रम को आयोजित किया है और पिछड़ा वर्ग की बहुसंख्यक आबादी के लोग बड़ी संख्या में कांग्रेस की नीतियों से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य कांग्रेस द्वारा रायपुर के राष्ट्रीय अधिवेशन में जो घोषणा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर हुई थी, उसी में एक मुद्दा जातिगत जनगणना भी थी। इसके साथ बहुसंख्यक आबादी को कांग्रेस की जन नीतियों से जोड़ना आदि कई मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें जनपद गाजीपुर और पास पड़ोस के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि जातिगत जनगणना आज समय की मांग है और बहुसंख्यक समाज को चिन्हित कर उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक लाभ दिया जाएगा, जिसकी लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ रही है। इस अवसर एआईसीसी सदस्य रविकांत राय ने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी भी अन्य सहयोगी दलों के साथ जातिगत जनगणना कराना चाहते हैं और सर्व समाज को कांग्रेस की जन नीतियों से जोड़कर उन्हें लोकतंत्र की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करेंगे।

## प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा भव्य और ऐतिहासिक : प्रमोद वर्मा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम जखनिया न्याय पंचायत की बैठक जखनिया पंचायत भवन पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा की 22 जनवरी 2024 को हमारे आराध्य प्रभु श्री राम लला का अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ उनकी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। वर्मा ने कहा यह सौभाग्य हम सभी को 500 वर्षो के संघर्ष, समर्पण, बलिदान के कारण आज जाकर संभव हुवा है। रामलला की मूर्ति अयोध्या के श्री राम मंदिर में विराजमान हो हमारी कई पीढ़ियों ने इसकी लड़ाई लड़ी तब जाकर यह शुभ अवसर आज हमें प्राप्त हो रहा है। हम सभी को मिलकर इस शुभ अवसर को ऐतिहासिक और भव्य बनाना है। हर गली, मोहल्ले, गांव, शहर के प्रति व्यक्तियों से मिलकर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण देना है, उनसे निवेदन करना है कि इस अवसर पर अपने घरों में दीपावली की ही तरह दीपक जलाये। अपने गांव मोहल्लों में जो भी मंदिर, शिवाला हो वहां पूजन, हवन, कीर्तन करें। श्री राम हर जाति, धर्म, वर्ग के जन जन में बसते हैं, उन सभी से आग्रह करें इस कार्यक्रम में



सम्मिलित हो। हर गांव मोहल्ले में टोली बनाकर संपर्क अभियान कर इस कार्यक्रम को सफल बनाना है। वर्मा ने कहा हिंदू धर्म को जीवंत रखने के लिए कई लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी लेकिन अपने धर्म से विरक्त नहीं हुए, उन्हीं लोगों की देन है कि आज सनातन सर्वव्यापी और अडिग है, और आदि अनादि काल से पूज्यनीय है। वर्मा ने कहा धर्मो रक्षति रक्षितः हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। वर्मा ने सबसे आग्रह किया कि अपने माता बहनों से भी विशेष रूप से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह करेंगे। यह उत्सव जैसे हर गांव में मेला लगता है वैसा हो यही हम सभी को मिलकर प्रयास करना है। वर्मा ने कहा कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहीं होई तात तुम पाही। यह प्रभु का कार्य है, हमलोगो को सुअवसर मिला है, उनका आशीर्वाद हम लोगों के साथ है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अशोक गुप्ता, राकेश सिंह, इंद्रदेव कुशवाहा, लाल जी गोड़, विपिन सिंह, विजय गुप्ता, प्रशांत सिंह, विशाल गुप्ता, अजीत, सियाराम, अजय विक्रम सिंह, मिंटू कुशवाहा, पप्पू यादव, दीपक राम, शिव शंकर चौहान, बंटी गुप्ता, संतोष कुशवाहा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## ज्ञान प्रकाश सिंह समेत काशी प्रांत से कुल 125 लोग प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित

**सबसे बड़े दानदाता को राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा का पहला निमंत्रण**

प्रखर जौनपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टि से प्रदेश के कुल 6 प्रांतों में से सबसे ज्यादा राम मंदिर निर्माण के लिए धन संग्रह काशीप्रांत द्वारा करीब 92 करोड़ रुपए किया गया था। 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होने जा रही है। जिसको लेकर पूरी दुनिया के राम भक्त 21 से अयोध्या में जुट रहे है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के लिए



कुल 10 हजार लोगों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें देश और विदेश दोनों के लोग शामिल होंगे। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा करने के लिए उन लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जिन्होंने 25 लाख से ऊपर की निधि मंदिर निर्माण के लिए अर्पण किया था। बता दें कि पूर्वांचल के सबसे बड़े दानदाता जौनपुर निवासी ज्ञान प्रकाश सिंह ने सवा करोड रुपए अर्पण किया था। वहीं हथियाराम मठ के महंत महामंडलेश्वर भवानीनंदन यति ने एक करोड रुपए की निधि का अर्पण किया था। काशी प्रांत से कुल 125 लोगों को प्राण प्रतिष्ठा के लिए 22 जनवरी को आमंत्रित किया गया है। पूर्वांचल के सबसे बड़े दानदाता ज्ञान प्रकाश सिंह को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का पहला निमंत्रण पूर्वांचल का पहला निमंत्रण भेजा गया है। महाराष्ट्र के बड़े उद्योगपति ज्ञान प्रकाश सिंह मूल रूप से जौनपुर जिले के गोधना गांव के रहने वाले हैं। सेवा, चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने समाज के सभी वर्गों की सेवा वह लगातार करते रहते हैं। बताते चलें की कोरोना काल में उन्होंने जौनपुर जिले में करोड़ों रुपए की मशीनरी के साथ हजारों लोगों का उपचार अपनी तरफ से कराया था।

> प्रखर पुर्वांचल से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे आराध्य श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए जाने का न्योता मिलने से मैं अभिभूत हूं 20-21, 22 जनवरी को अयोध्या में रहना होगा। राम मंदिर निर्माण का हिस्सा बनकर जो आत्मीय सुख मिला है उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। मैं बहुत खुश और उत्साहित हूं कि अब रामलला विराजमान हो रहे हैं। यह हिंदू समाज के लिए बड़े गर्व का दिन है।

## 44वाँ वार्षिक खेल-कूद समारोह सम्पन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर एवं गिलट बाजार शाखा का संयुक्त 44वाँ वार्षिक खेलकूद समारोह-2023 भव्य रूप से आयोजित हुआ जिसमें बाल- वाटिका के नन्हें विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ वर्ग तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रामकृष्ण (वरिष्ठ अधीक्षक केन्द्रीय कारागार वाराणसी) की उपस्थिति ने सभी के मन में असीम प्रेरणा एवं ऊर्जा का संचार किया` सर्वप्रथम विद्यालय ध्वज के आरोहण के साथ मार्च-पास्ट की टीम ने पधारे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को सलामी दी खेल भावना और समभाव की प्रतीक पवित्र मशाल को विद्यालय के कक्षा -12 के छात्र नितिन सिंह की अगुवायी में मुख्य अतिथि को सौंपा गया` तत्पश्चात सभी खेलाड़ियों ने अपने कर्तव्य एवं पद की प्रतिष्ठा हेतुशपथ ग्रहण की इसके पश्चात मुख्य अतिथि महोदय ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आरंभ करने की औपचारिक उद्घोषणा की` सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में बाल-वाटिका की फुलवारी के नन्हें बच्चों ने नयनाभिराम होला-हुप नृत्य की प्रस्तुति की वहीं वरिष्ठ वर्ग की छात्राओं ने राजस्थानी रंग बिखेरे रूनझुन बाजे घुँघरा समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया` विद्यालय की कराटे चैम्पियन्स की टीम ने अपने गुर और कौषल के अनूठे प्रदर्शन से सभी को रोमांच एवं उत्साह से भर दिया` उल्लेखनीय है कि इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़, रिले रेस के साथ-साथ शॉट-पट, जैबलिन, डिसकस, लांग जम्प, हाई जम्प जैसी अनेक अन्तर्सदनीय प्रतिस्पधार्यें आयोजित हुई जिसमें सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी,





मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया` बेस्ट एथलीट के लिए सीनियर ब्यॉज में श्रेयस मिश्रा और जूनियर ब्यॉज में आयुष यादव को विजेता ट्रॉफी प्रदान की गयी तथा बेस्ट एथलीट सीनियर गर्ल्स के लिए मन्नत सिंह एवं एंजेल यादव को विजेता ट्रॉफी से नवाजा गया` मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी सर्वप्रथम अपनी अभिक्षमता की पहचान करें प्रधानमंत्री जी की कौशल विकास योजना तभी सार्थक हो सकती है जब विद्यार्थी अपनी रूचि को पहचान कर उस क्षेत्र में आत्मसिद्ध होने का प्रयास करे जिसके लिए उनके अभिभावकों का सहयोग अति आवश्यक है` कार्यक्रम में अध्यक्षीय भूमिका में विधायक त्रिभुवन राम (अजगरा विधानसभा क्षेत्र) पधारे और उन्होंने अपने उद्बोधन में देश के विकास के लिए खेल तथा खिलाड़ियों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षा के बहुआयामी क्षेत्र के विस्तार के लिए खेल अति आवश्यक है साथ ही साथ उन्होंने संस्था के कर्मचारियों को ऊनी वस्त्र भेंट किया` कार्यक्रम में पधारे अन्य विशिष्ट अतिथि डॉ. अखिल मेहरोत्रा (पूर्व हाकी कोच, स्पोर्ट्स अर्थॉरिटी आफ इण्डिया) जो वर्तमान में काषी हिन्दू विश्व विद्यालय, शारीरिक शिक्षा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं उन्होंने भी विद्यार्थियों के मानसिक एवं शारीरिक संवर्द्धन हेतु खेल का महत्व सर्वोपरि बताया` संस्था सचिव राहुल सिंह ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उनके खेल,अभिरूचि एवं क्षमता का विशेष ध्यान रखता है और उन्हें उनके इष्टतम लक्ष्य तक पहुँचने के लिए यथासंभव पूर्ण प्रयास करता है और करता रहेगा इस कार्यक्रम में संस्था निदेशिका डॉ.वन्दना सिंह,उप-निदेशक आयुष्मान सिंह तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नीलम सिंह ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया` कार्यक्रम का संचालन जितेन्द पाण्डेय एवं शेफाली श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बरिष्ठ पत्रकार को पितृ शोक, पत्रकारों ने जताई संवेदना



प्रखर भदोही। भदोही जनपद के डीघ के कटरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र दुबे के पिता चुन्नीलाल दुबे (94) निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवा गंगा घाट पर किया गया। जिले के पत्रकारों की रविवार को गोपीगंज में हुई शोकसभा में दो मिनट का मौन रख कर पत्रकार के पिता चुन्नीलाल दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में वरिष्ठ पत्रकार डॉ.लक्ष्मीधर चतुर्वेदी, प्रभुनाथ शुक्ल, मिथिलेश द्विवेदी, जलील अहमद, राजमणि पांडेय, गया प्रसाद चतुर्वेदी, सुनील कुमार दुबे, प्रदीप दुबे, सेवालाल यदुवंशी, अजय पांडेय, अरविन्द कुमार, एसपी सिंह, कुसुमेश त्रिपाठी आदि कई पत्रकार शामिल थे।

### कैट परीक्षा में पास होने पर राजा के परिजनों सहित क्षेत्रवासियों में हर्ष



प्रखर केराकत जौनपुर। विकास खण्ड केराकत के ग्राम सभा टंडवा निवासी इंदुप्रकाश सिंह के बड़े पुत्र राजा सिंह ने कैट परीक्षा में 93.97 अंक प्राप्त करके परिजनों व तहसील के नाम मे चार चाँद लगा दिया, इंदुप्रकाश सिंह एक सीमेंट कम्पनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं, राजा की माता मनीषा सिंह गृहणी है, राजा के पास होने की सूचना के बाद बड़े पिता बिंदुप्रकाश सिंह, जयप्रकाश सिंह फुले नही समा रहे थे, बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से अधिवक्ता हेमंत सिंह, भाजपा थानागद्दी मंडल महामंत्री आदर्श चौबे समेत दर्जनों लोग रहे, राजा की प्रारंभिक शिक्षा ग्राम सभा के ही एक निजी विद्यालय से हुई है, उसके बाद कि शिक्षा गाजियाबाद से हुई, राजा का छोटा भाई भी गाजियाबाद से बीटेक कर रहा है, राजा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया।

### विकसित भारत यात्रा पहुंची सदर ब्लाक के इस्लामाबाद गांव



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को सदर ब्लाक के इस्लामाबाद ग्राम सभा में पहुंची। यह उपस्थित ग्रामवासियों का केंद्र व राज्य सरकार के चल रही विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीकरण कराया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख श्रीमती ममता यादव के प्रतिनिधि राजदेव यादव ने कहा कि ये पहली सरकार हैं जो सरकार की चल रही योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लोगो के द्वार तक पहुंच रही है उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री जी अपनी हर बात गारंटी के साथ रखते है और करते भी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस, जनधन खाता, आदिंके बारे में जानकारी दी गई।इसके साथ ही लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल राय, पूर्व नगर अध्यक्ष रास बिहारी राय, मंडल महामंत्री मुरली कुशवाहा, मीडिया प्रभारी परवेज खान, पूर्व प्रधान फतेहुलाहपुर टुनटुन राय आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन इस्लामाबाद ग्राम प्रधान रामज्ञान सिंह यादव ने किया।

### रामायण के जामवंत राजशेखर की धर्मपत्नी स्नेहलता का निधन

प्रखर भदोही। दूरदर्शन के लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में जामवंत की भूमिका निभाने वाले श्रीकांत राजशेखर उपाध्याय की धर्मपत्नी स्नेहलता का रविवार को निधन हो गया। इसकी जानकारी खुद उन्होंने एक सोशलमीडिया प्लेटफॉर्म पर दिया है। उपाध्याय ने दुःख व्यक्त करते हुए लिखा है की उनकी धर्मपत्नी स्नेहलता उन्हें छोड़कर चली गयीं। लोगों ने उनकी इस दुःखद जानकारी पर शोक संवेदना भी व्यक्त किया है।



उपाध्याय ने अपनी पत्नी की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि वे मुझे छोड़ कर आज चली गईं। रामानंद सागर के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में उन्होंने जामवंत के साथ दूसरी भूमिका भी निभायी। श्रीकांत राजशेखर उपाध्याय भदोही जनपद के सुरियावां के हरिहरपुर गांव के रहने वाले हैं। उपाध्याय रामायण में जामवंत के किरदार से लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय हुए। उनकी आवाज में गजब का जादू है। वे अब भी कई टीवी धारावाहिक में अपनी भूमिका निभाते हैं।

### 54वें स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए मेधावी



प्रखर पिंडरा वाराणसी। श्री देवमूर्ति शर्मा इंटर कालेज दबेथुवा का 54 वा वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंधक देवब्रत रहे।इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक गीत संगीत व लोकगीत की प्रस्तुति दी गई। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से हुआ। कार्यक्रम के अंत मे मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य छेदी सिंह व संचालन राकेश सिंह व मनोज कुमार तथा स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य विद्या सागर राय ने दिया। इस दौरान अभयकांत राय, कन्हैया सिंह, सुरेंद्र नारायण सिंह, ओम प्रकाश सिंह दिनेश कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, कैलाश यादव व तेरस यादव समेत अनेक गणमान्य लोग रहे।

### 300 भारतीयों की तस्करी का आरोप

## फ्रांस पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की



### जांच पूरी होने तक उड़ान नहीं

पेरिस पुलिस ने भी इस एयरक्राफ्ट को रोके जाने की पुष्टि की थी। इसके मुताबिक- एक सीक्रेट इन्फॉर्मेशन मिली थी। जब तक जांच पूरी नहीं हो जाएगी तब तक फ्रांस की पुलिस एयरक्राफ्ट को नहीं छोड़ेगी। प्लेन ने दुबई से टेकऑफ किया था और यह निकारागुआ के किसी हिस्से में उतरने वाला था। अब फ्रांस की इंटेलिजेंस एजेंसी और पुलिस मिलकर मामले की जांच कर रही हैं।

**पेरिस।** दुबई से निकारागुआ जा रहे ए-340 विमान को शुक्रवार को फ्रांस में रोक दिया गया था। इस विमान में 303 भारतीय नागरिक सवार थे। जिनकी तस्करी किए जाने का शक है। फ्रांस ने 2 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं, भारतीय दूतावास भी कांसुलर एक्सेस मिलने के बाद मामले की जांच में जुट गया है। इंडियन ऐंबैसी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, फ्रांस के अधिकारियों ने हमें इस मामले की जानकारी दी है। हम अपने नागरिकों तक पहुंच गए हैं। उनकी पूरी तरह से मदद कर रहे हैं। मामले की जांच जारी है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लाइट फ्यूल के लिए फ्रांस के एक छोटे एयरपोर्ट वाट्री पर रुकी थी। पुलिस को इसी दौरान जानकारी मिली कि इसमें मौजूद भारतीय नागरिक मानव तस्करी का शिकार बनने जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने इस एयरक्राफ्ट को रोक लिया।

## पाक चुनाव आयोग ने इमरान से छीना चुनाव चिन्ह

### पार्टी चुनावों को अवैध बताया, इसके बिना सत्ता में नहीं आ पाएगी पार्टी

**इस्लामाबाद, (आरएनएन)।** इमरान खान की पार्टी पीटीआई का चुनाव चिन्ह 'बैट' (बल्ला) रद्द कर दिया गया है। पाक के चुनाव आयोग की 5 सदस्यीय बेंच ने शुक्रवार को चुनाव चिन्ह छीनने का फैसला किया। इसके साथ ही होने वाले चुनावों को भी अवैध घोषित कर दिया गया। 11 पेज के फैसले में कहा गया कि पीटीआई में नियमों के मुताबिक चुनाव नहीं हो रहे थे। जियो न्यूज के मुताबिक, पीटीआई में इमरान खान की जगह गौहर अली खान को पार्टी चेयरमैन बनाया गया था, लेकिन अब चुनाव अवैध घोषित होने से उनका ये पद छिन गया है।




क्रिसमस पर देश-विदेश में उत्सव का माहौल है। मध्य मॉस्को रूस में नए साल के स्वागत में तैयारियों में जुट गए है, मॉल, इमारतों व चर्चों को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया जा रहा है।

### विधायक बने व्यापारी, विधानसभा परिसर में लगाई सेब की बोली

**धर्मशाला।** हिमाचल विधानसभा का शीत सत्र शनिवार को खत्म हो गया है। आमतौर पर प्रदेश में हर साल विधानसभा की 35 सीटिंग होती है। लेकिन, इस बार बजट, मानसून और विंटर सेशन में 31 ही सीटिंग की गई। संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान द्वारा 31 सीटिंग का प्रस्ताव सदन में रखने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। इससे पूर्व आखिरी दिन भारतीय स्टांप (हिमाचल प्रदेश द्वितीय संशोधन) विधेयक 2023 व हिमाचल प्रदेश जल विद्युत उत्पादन पर जल उपकर संशोधित विधेयक को सदन में चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। वहीं हिमाचल प्रदेश जीव अनाशित कूड़ा-कचरा नियंत्रण संशोधन विधेयक 2023 को बगैर चर्चा के पारित कर दिया गया। जल उपकर संशोधित विधेयक के तहत हिमाचल प्रदेश में अब जल उपकर आयोग का नाम बदलकर जल आयोग होगा। इस विधेयक पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक हुई।

### एक कॉलर के कहने पर पुतिन ने कम करवाए देश में चिकन-अंडे के दाम

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फैसला लिया है कि देश में अंडे और चिकन को सभी आयात करों से मुक्त किया जाना चाहिए। पुतिन ने ये निर्णय एक कॉलर की शिकायत के बाद लिया है। असल में हर साल के अंत में रूस के राष्ट्रपति देश के लोगों से फोन कॉल के जरिए बात करते हैं। देश के नागरिक उन्हें सीधे फोन कर अपनी परेशानी बता सकते हैं। हाल में पुतिन से एक कॉलर ने अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि चिकन और अंडे पर लगाए जा रहे उच्च आयात शुल्क के कारण उन्हें ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते हैं। खबरों के मुताबिक पुतिन ने कॉलर की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आयात शुल्क को कम करने का फैसला किया और अब इसे लागू किया जा रहा है।

## एयर इंडिया का पहला ए-350 एयरबस विमान भारत पहुंचा

### विमानन कंपनी ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने आधिकारिक तौर पर शनिवार को अपने पहले एयरबस ए350-900 की डिलीवरी ले ली है। इसके साथ ही टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने इस तरह के विमान का संचालन करने वाली पहली भारतीय विमानन कंपनी बनकर इतिहास रचा है। एयरलाइन की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, कि भारत की अग्रणी वैश्विक एयरलाइन एयर इंडिया ने शनिवार को वीटी-जेआरए पंजीकृत 20 एयरबस ए350-900 विमानों में से पहले विमान का स्वागत किया। विमान फ्रांस के टूलूज स्थित एयरबस केंद्र से शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 01 बजकर 46 मिनट पर नई दिल्ली पहुंचा। एयर इंडिया के प्रतिनिधियों ने विशेष कॉल साइन एआई350 का उपयोग करके संचालित इस डिलीवरी उड़ान का स्वागत किया।

# कर्नाटक में हिजाब बैन हटाने वाले बयान से पलटे सिद्धारमैया

### मुख्यमंत्री बोले, सरकार इसे रद्द करने पर विचार कर रही है



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में हिजाब बैन को लेकर सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि अभी तक ऐसा नहीं किया है। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा, किसी ने मुझसे हिजाब पर प्रतिबंध हटाने को लेकर सवाल पूछा जिसके जवाब में मैंने उन्हें जवाब दिया कि सरकार इसे रद्द करने पर विचार कर रही है। मैसुरु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा था कि सरकार राज्य में हिजाब पर लगे बैन को हटाने जा रही है, इसके लिए प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद बीजेपी ने सीएम पर धर्म का जहर बोने का आरोप लगाया था।

### कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बोले, धर्म के आधार पर बंटवारे का काम



### सीएम ले सकते हैं फैसला- सुप्रिया सुले

सिद्धारमैया के बयान के बाद से देश भर में इसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है। इसे लेकर कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने राज्य के मुख्यमंत्री पर धर्म के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने हिजाब विवाद पर कहा कि यह कर्नाटक का आंतरिक मामला है। वहां के सीएम फैसला ले सकते हैं। राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगे प्रतिबंध को वापस लेने के मामले पर कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस फूट डालो और शासन करो वाली ब्रिटिश सरकार की नीति को आगे बढ़ा रही है। राज्य सरकार को कम से कम बच्चों को अपनी गंदी राजनीति से बचाना चाहिए था।

### बीजेपी ने सीएम सिद्धारमैया पर साधा निशाना

एक तरफ कांग्रेस हिजाब पर प्रतिबंध हटाना चाहती है, वहीं दूसरी ओर परीक्षा देने गई हिंदू महिलाओं को उनके मंगल सूत्र और पैर की अंगूठियों को उतारने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी अल्पसंख्यकों की स्थिति को ऊपर उठाने की कोशिश नहीं की। मैसुरु में शुक्रवार को सीएम सिद्धरमैया ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं, लेकिन टोपी, बुर्का पहनने वालों और दाढ़ी रखने वालों को किनारे कर देते हैं।

### भाजपा को संविधान पढ़ने की जरूरत: प्रियांक खड़गे

कांग्रेस की ओर से भाजपा के आरोपों पर पलटवार किया गया है। राज्य में सत्ताधारी दल की ओर से कहा गया कि यह कदम कानून के तहत उठाया गया है और इसे लेकर राजनीति नहीं करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे व राज्य मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि बीजेपी को संविधान के बारे में जानकारी है। उन्हें संविधान पढ़ने की जरूरत है। कोई भी ऐसा कानून या नीति जो कर्नाटक की प्रगति के लिए सही नहीं है, उसे नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। अगर जरूरत पड़ी तो हम उस कानून या नियम को हटाएंगे और यही किया भी गया है।

### हिजाब पर फिर गरमाई राजनीति

#### कर्नाटक सरकार ने बैन हटाया तो भाजपा बोली- ये शरिया कानून लागू कर रहे

कर्नाटक में सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगी पाबंदी को हटा दिया है। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी राज्य सरकार पर हमलावर है। मालूम हो कि हिजाब को लेकर यह प्रतिबंध पिछली भाजपा सरकार की ओर से 2022 में लगाया गया था। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में हिजाब प्रतिबंध हटाने से राज्य में शरिया कानून लागू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष सत्ता में आया तो पूरे देश में इस्लामिक कानून लागू कर दिया जाएगा। गिरिराज सिंह ने कहा कि यह महज हिजाब पर प्रतिबंध हटाना ही नहीं है, बल्कि राज्य में शरिया कानून की स्थापना है। अगर राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया गंठधन की देश में सरकार बनी तो इस्लामी कानून लागू हो जाएगा। यह सुनियोजित योजना का हिस्सा है। यह सनातन धर्म को नष्ट करने की साजिश है। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने भी इसे लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया वोट-बैंक की राजनीति कर रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों के वोट पाने के लिए यह किया जा रहा है।

## 'फास्ट एंड फ्यूरियस' एक्टर पर यौन शोषण का आरोप, मुकदमा दर्ज

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की फेमस फ्रेंचाइजी 'द फास्ट एंड द फ्यूरियस' के एक्टर विन डीजल विवादों के घेरे में हैं। विन की असिस्टेंट रही एस्टा जोनासन ने उनके खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा दायर किया है। एस्टा ने साल 2010 में विन डीजल के साथ काम किया था, जब वो अपनी फिल्म 'फास्ट फाइव' की शूटिंग कर रहे थे। उनका कहना है कि उनका शोषण करने के कुछ घंटों बाद विन की बहन ने उन्हें कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। पीड़िता ने लगाए बड़े आरोपः मामले से जुड़े कानूनी दस्तावेज में एस्टा जोनासन ने विन डीजल पर बड़े आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि एक्टर ने अटलांटा के एक होटल सुइट में उनके साथ जबरदस्ती की थी।

### पीएफआई फंडिंग पर ईडी का बड़ा खुलासा


## हवाला से आया कैश फिर व्हाइट की गई करोड़ों की ब्लैक मनी, 5 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित संगठन पीएफआई पर लेकर ईडी का बड़ा खुलासा सामने आया है। खबर के मुताबिक, गल्फ देशों से हवाला के जरिये पीएफआई के नाम पर करोड़ों रुपये का कैश आया है। इसके साथ ही ब्लैक मनी को व्हाइट करने के लिए समर्थकों के अकाउंट में ये कैश जमा कराया गया। जिसे बाद में पीएफआई के एकाउंट में ट्रांसफर कराया गया। गल्फ देशों में पीएफआई के हजारों समर्थक मौजूद हैं और चंदे के नाम पर विदेशों से करोड़ों रुपए इकट्ठे किए जाते थे। इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने पीएफआई से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

### वीवो मनी लॉन्ड्रिंग केस में तीन और लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत की आर्थिक अपराध इकाई एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट यानी ईडी ने चाइनीज मोबाइल मेन्यूफैक्चरर वीवो से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 3 और लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों लोगों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएल) के तहत अरेस्ट किया गया है। इस बात की जानकारी न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से दी है। हालांकि इसमें गिरफ्तार लोगों के नामों की जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। इससे पहले अक्टूबर में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में चीनी नागरिक गुआंगवेन क्यांग उर्फ एंड्रयू कुआंग, लावा इंटरनेशनल के एमडी हरिओम राय के अलावा चार्टर्ड अकाउंटेंट राजन मलिक और नितिन गर्ग को गिरफ्तार किया था।

## नवजात बच्चे संग डिग्री लेने पहुंची मां



**वाशिंगटन।** ग्रेजुएशन सेरेमनी का दिन लोगों के लिए बहुत खास होता है। क्या हो कि अगर इस दिन आपका सबसे खास व्यक्ति आपके साथ हो। कुछ ऐसा ही हुआ है मिशिगन की एक महिला के साथ। यह महिला अपने ग्रेजुएशन सेरेमनी में अपने नवजात शिशु के साथ पहुंच गई। लोग महिला की खूब तारीफ कर रहे हैं।

**फेल हो गई थी प्लानिंग:** इस महिला का नाम ग्रेस जिमचैक नाम है। वह अमेरिका के मिशिगन स्थित फेरिस स्टेट यूनिवर्सिटी की छात्रा है। असल में ग्रेस की ग्रेजुएशन सेरेमनी 15 दिसंबर के दिन होने वाली थी। ग्रेस ने तय किया था कि 15 दिसंबर को कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह 18 दिसंबर को सीजेरियन से डिलीवरी करा लेगी। लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। ग्रेस की बेटी अन्नाबेल छह दिसंबर को ही पैदा हो गई।

### हीटर से रजाई में लगी आग, बच्ची और पिता की मौत

**अलवर।** खैरथल तिजारा जिले में दिल झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक परिवार कमरे में हीटर जलाकर सो रहा था, जिससे रजाई में आग लग गई और पिता-पुत्री जिंदा जल गए। जबकि, महिला जिंदगी की जंग लड़ रही है। मुंडाना गांव निवासी दीपक ने जयपुर की दीपक यादव से दो साल पहले लव मैरिज की थी। बीती रात दंपती अपनी दो महीने की बेटी निशिका के साथ कमरे में हीटर जलाकर सो रहे थे। हीटर बेड के पास ही रखा था। रात करीब डेढ़ बजे रजाई में आग लग गई।

## भारत की मदद से बांध बनाना चाहता है तालिबान

### 20 लाख पाकिस्तानी पानी के लिए तरसेंगे, पाक बोला- ये जंग को न्योता



**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान का शासक तालिबान चित्राल (कुनार) नदी पर बांध बनाना चाहता है। तालिबान शासन ने घोषणा की है कि डैम बनाने में वह भारतीय कंपनी से मदद मांग रहा है। डैम बनने से 45 मे.वा. बिजली बनेगी और 34,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। इससे पाक में बौखलाहट सामने आई। बलूचिस्तान के सूचना मंत्री जान अचकजई ने चेताया, अगर पाक को शामिल किए बगैर तालिबान इस बांध पर आगे बढ़ेगा तो इसे दोनों देशों के बीच जंग की शुरुआत का पहला कदम माना जाएगा।

### धमकी: कुनार का ही रुख मोड़ सकता है पाकिस्तान

एक जल विशेषज्ञ ने कहा कि पाक कुनार नदी को मोड़ने की क्षमता रखता है। काबुल नदी का कुल प्रवाह 21,000 मिलियन क्यूबिक मीटर है। काबुल नदी में मिलने वाली कुनार 15,000 मिलियन क्यूबिक मीटर जल लाती है, वह पाक से निकलती है। कुनार के प्रवाह को खैबर में पंजकोरा नदी की ओर मोड़ा जा सकता है। अफगानिस्तान के बड़े इलाके में इससे अकाल आ जाएगा।

### अदावत: एक दशक पहले करार, फिर धोखा दिया

अगस्त 2013 में जब नवाज शरीफ प्रधानमंत्री थे, तब दोनों देशों ने 22,400 करोड़ रु. की लागत से कुनार पर 1,200 मेगावाट के हाइड्रोपावर प्राजेक्ट के लिए करार किया था। पाक ने बाद में इस प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया और दासू बांध बनाने पर जोर दिया। यह बांध अभी खैबर में सिंधु नदी पर निर्माणाधीन है। इस कदम को अफगानिस्तान ने विश्वासघात माना।

## आज का इतिहास

- 1524 : यूरोप से भारत तक पहुँचने के समुद्री मार्ग का पता लगाने वाले पुर्तगाली नाविक वास्को-डी-गामा का कोच्चि में निधन।
- 1798 : रूस और ब्रिटेन के बीच दूसरे फ्रांस विरोधी गठबंधन पर हस्ताक्षर।
- 1924 : भारतीय पार्श्वगायक मोहम्मद रफी का जन्म।
- 1954 : दक्षिण पूर्वी एशियाई देश लाओस ने स्वतंत्रता हासिल की।
- 1956 : अनिल कपूर का जन्म।
- 1986 : लोटस टैंपल आम लोगों के लिए खोला गया।
- 1987 : तमिल अभिनेता और राजनेता एम. जी. रामचन्द्रन का निधन।
- 1989 : देश का पहला अम्यूजमेंट पार्क 'एसेल वर्ल्ड' मुंबई में खुला।

## जान्हवी, खुशी, बोनी कपूर ने बेच दिए मुंबई में अपने 4 फ्लैट्स

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर, उनकी बहन खुशी कपूर और फिल्म निर्माता पिता बोनी कपूर ने साल 2023 के आखिर में करोड़ों रुपए की एक बड़ी प्रॉपर्टी डील की है। बताया जा रहा है कि इस परिवार ने मुंबई के पॉश इलाके अंधेरी में स्थित ग्रीन एकर्स सोसाइटी में अपने चार अपार्टमेंट बेच दिए हैं। इनमें से एक अपार्टमेंट सिद्धार्थ नारायण और अंजू नारायण ने खरीदा है, जो 1870 स्क्वायर फीट का है, जबकि मुस्कान बहिरवानी और ललित बहिरवानी ने 1614 स्क्वायर फीट के दो फ्लैट खरीदे हैं। जान्हवी कपूर जहां इन दिनों अपनी पहली



### साल के आखिर में करोड़ों की हुई डील

तेलुगू फिल्म 'देवरा' की तैयारी में जुटी हैं, वहीं खुशी कपूर ने बीते दिनों जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से एक्टिंग डेब्यू किया है। बोनी कपूर ने इन फ्लैट्स की बिक्री की पुष्टि की है। बीते साल ही जान्हवी कपूर और खुशी कपूर ने मुंबई के बांद्रा 65 करोड़ रुपये का नया डुप्लेक्स फ्लैट खरीदा था। एक्ट्रेस का यह घर 8669 स्क्वायर फीट का है, जिसमें एक बड़ा गार्डन, बेहतरीन स्वीमिंग पूल और पांच पार्किंग शामिल है।

### Filmi तड़का

## सुपरस्टार प्रभास की सलार का कहर




सुपरस्टार प्रभास का स्टारडम एक बिल्कुल अलग लेवल पर कहर ढा रहा है। प्रशांत नील के साथ उनकी फिल्म सलार शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म से उम्मीदें तो शुरू से ही थीं, मगर जिस तरह का विस्फोटक माहौल इस फिल्म ने थिएटर्स में बना दिया है, वो शायद आज से कुछ दिन पहले तक किसी ने नहीं सोचा होगा। सलार ने पहले दिन ही ऐसी कमाई की है कि 2023 की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है और ये ऐसा साल है जब प्रभास की फिल्म से पहले ही इंडियन फिल्म इंडस्ट्री को पांच ऐसी फिल्में मिली हैं, जिन्होंने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन ही 100 करोड़ से ज्यादा की ओपनिंग ली। लेकिन सलार की ओपनिंग ने इन सभी को पीछे छोड़ दिया। सलार की इस शानदार कमाई से रिकॉर्ड बुक में एक दिलचस्प फेरबदल हुआ है।

### सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली भारतीय फिल्में

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आरआरआर | : 224 करोड़ रुपये |
| 2. | बाहुबली-2 | : 215 करोड़ रुपये |
| 3. | सलार | : 180 करोड़ रुपये |
| 4. | केजीएफ-2 | : 163 करोड़ रुपये |
| 5. | लियो | : 149 करोड़ रुपये |

बॉलीवुड

# भारतीय प्रतिभाएं जिन्हें मिला वैश्विक मंच

**2023** में विशेष रूप से, फिल्म उद्योग के लोग आदर्श रूप में उभरे, अंतरराष्ट्रीय पहचान अर्जित की और हमको गर्व से भर दिया। प्रस्तुत है जिन्होंने वैश्विक प्रशंसा और प्रसिद्धि हासिल की-

### वीर दासः

स्टैंड-अप कॉमेडियन वीर दास ने 2023 में एमी इंटरनेशनल अवार्ड जीतकर नई ऊंचाइयों को छुआ। वीर ने अपने नेटफ्लिक्स कॉमेडी स्पेशल टाइटल वीर दासः लैंडिंग के लिए पुरस्कार जीता। यह वीर का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय एमी नामांकन था। वीर और डेरी गर्ल्स को फ्रांस के ले फ़्लैम्बो और अर्जेंटीना के एल एन्कार्गाडो के साथ नामांकित किया गया था। उनका अनूठा ब्रांड, बुद्धि और सामाजिक टिप्पणी का मिश्रण गूंजता रहा।




### गुनीत मोंगा कपूरः

भारतीय फिल्म निर्माता गुनीत ने 2023 में ऑस्कर में मूक लेकिन शक्तिशाली जीत के साथ सिनेमाई इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। "द एलिफेंट व्हिस्परर्स" 95वें अकादमी पुरस्कारों में विजेता बनकर उभरा, जिससे डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में भारत की पहली जीत हुई। 2019 में गुनीत की डॉक्यूमेंट्री 'पीरियड. एंड ऑफ सेंटेंस' ने डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट में ऑस्कर जीता।



### ऋचा चड्ढाः

वैश्विक सिनेमा पर अभिनेत्री ऋचा को फ्रांसीसी सम्मान मिला। ऋचा को लेटेस्ट संस्करण के दौरान फ्रांसीसी सरकार द्वारा शेवेलियर डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल (नाइट ऑफ द ऑर्डर ऑफ द आर्ट्स एंड लेटर्स) से सम्मानित किया गया। सिनेमा की दुनिया में उनके उत्कृष्ट योगदान और राष्ट्रीय सीमाओं से परे प्रतिभा के लिए बढ़ते सहयोग पर प्रकाश डाला।



### अंगद बेदीः

अंगद ने दुबई में आयोजित प्रतिष्ठित दौड़ में 400 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतकर वैश्विक खेल मंच पर एक अमिट छाप छोड़ी। स्वर्ण पदक जीतकर अपने अंतरराष्ट्रीय खेल करियर की शुरु आत की। अंगद की गति और दृढ़ संकल्प ने उन्हें एथलेटिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए प्रेरित किया।



### एम एम कीरावनीः

संगीतकार एम एम कीरावनी ने अपने मनमोहक गीत "नाटू नाटू" के लिए ऑस्कर हासिल कर सुनहरा पंख जोड़ लिया। सिनेमाई उत्कृष्ट कृति में बुना गया यह गीत विश्व स्तर पर गूंज उठा, और कीरावनी को प्रशंसा मिली। सांस्कृतिक सीमाओं से परे संगीत बनाने की उनकी क्षमता ने संगीत की सार्वभौमिक भाषा को प्रदर्शित किया।



### भुवन बमः

प्रमुख कॉन्टेंट निर्माता भुवन बाम ने एम्स्टर्डम में आयोजित प्रतिष्ठित सेप्टेमियस अवार्ड्स 2023 में सर्वश्रेष्ठ कॉन्टेंट क्रिएटर का प्रतिष्ठित खिताब हासिल किया है। यह सम्मान भारतीय कॉन्टेंट निर्माण के इतिहास में भी उल्लेखनीय उपलब्धि का प्रतीक है।



## राशा की माँ रवीना का नोट

प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने मार्मिक नोट साझा किया, जिसमें राशा थडानी की मां के रूप में पहचाने जाने पर उन्हें जो खुशी और गर्व महसूस हुआ, उसे व्यक्त किया। रवीना अपनी बेटी के साथ जुड़े होने की गहरी भावना है और राशा को उसके जुनून और सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है। "राशा की माँ" के रूप में पहचाने जाने पर गर्व व्यक्त करती है। अपने अनुभव से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने पहचाने जाने पर बहुत गर्व व्यक्त किया था। रवीना अनुभव कर रही है क्योंकि वह अपनी बेटी के नाम से पहचानी जाती है। राशा को अपना रास्ता खुद बनाना है और खुद को साबित करना है, रवीना ने अपनी बेटी की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा- "हर माता-पिता को गर्व की अनुभूति होती है, जब उन्हें उनके बच्चों के नाम से जाना जाता है, मेरे पिता हमेशा कहा करते थे कि रवि टंडन से उन्हें रवीना के पिता के रूप में जाने जाने पर गर्व महसूस होता है, अब मुझे राशा के नाम से बुलाए जाने पर गर्व महसूस होता है। उसे अभी भी लंबा रास्ता तय करना है और खुद को साबित करना है।"



# 2023 में वास्तविक जीवन के किरदार

सिनेमा के क्षेत्र में अभिनेता अक्सर कहानियों को स्क्रीन पर लाने के लिए वास्तविक जीवन की कहानियों में उतरते है। वास्तविक व्यक्तियों से प्रेरित किरदारो की कहानियां जो अक्सर वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित होती है या उनकी जीवनी पर आधारित होती है। यहां उन अभिनेताओं की सूची जिन्होंने वास्तविक जीवन के नायकों/लोगों पर आधारित किरदार निभाए-

### रानी मुखर्जी

"मिसेज चटर्जी वर्सस नॉर्वे" में रानी के दमदार प्रदर्शन ने सागरिका चक्रवर्ती और उनके पति के वास्तविक जीवन के संघर्ष को दर्शाया। यह फिल्म नॉर्वेजियन बाल कल्याण सेवाओं की पृष्ठभूमि में सांस्कृतिक मतभेदों की जटिलताओं इस जोड़े द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालती है।



### मनोज बाजपेयी -

"सिर्फ एक बंदा काफी है" में मनोज बाजपेयी के किरदार ने प्रसिद्ध वकील पीसी सोलंकी से प्रेरणा ली। यह सच्ची घटना पर मनोरंजक कोर्ट रूम ड्रामा पर आधारित है, जहां बाजपेयी का किरदार यौन उत्पीड़न के आरोपी धार्मिक नेता के खिलाफ लड़ता है।




### सैयामी खेर -

"घूमर" में पैराप्लेजिक क्रिकेटर के किरदार में सैयामी ने वास्तविक जीवन के पैराप्लेजिक खिलाड़ियों को श्रद्धांजलि भी दी। अनीना असल जिंदगी में पैराप्लेजिक खिलाड़ी करोली टैकस पर आधारित थी।





### कृतिका कामरा -

हुसैन ज़ैदी की किताब पर आधारित हबीबा कादरी की कृतिका 80 के दशक की मुंबई में महिला डॉन की कहानी से प्रशंसा बटोरी। यह किरदार मोटे तौर पर महिला गैंगस्टर हसीना पारकर के वास्तविक जीवन पर आधारित था।



### हुमा कुरैशी -

"तरला" में हुमा की भूमिका ने शेफ तरला दलाल की वास्तविक जीवन को सामने लाया। प्रामाणिकता और प्रतिभा के साथ, कुरेशी और शारिब हाशमी के प्रदर्शन का जश्न मनाया गया, जिसमें रसोई आइकन की यात्रा का सार शामिल था।



### ईशान खट्टर -

"पिप्पा" में ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता का किरदार ईशान खट्टर ने निभाया। पूर्व भारतीय सैनिक से प्रेरित होकर, फिल्म ने मेहता की कहानी को दर्शाता है।




### विक्की कौशल -

"सैम बहादुर" में विक्की के फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के उत्कृष्ट चित्रण ने समर्पण प्रदर्शित किया। फिल्म में भारतीय सेना में मानेकशॉ के योगदान को श्रद्धांजलि दी।



### करिश्मा तन्ना-

"स्कूप" में करिश्मा का प्रदर्शन वास्तविक घटनाओं और जिग्ना वोरा के संस्मरण से प्रेरित था। नेटफ्लिक्स सीरीज़ वोरा के अनुभवों पर आधारित पत्रकार जागृति पाठक के जीवन पर आधारित है।



टीवी

# यादों में क्रिसमस



**आस्था शर्मा** -"जब क्रिसमस आता है तो मै दोस्तों के साथ की गई मौज-मस्ती, पेड़ों को सजाने, बेहतरीन ब्रंच आयोजित करने, स्वादिष्ट प्लम केक का आनंद लेने, और उत्सव के संगीत पर डांस करने के बारे में सोचती हूं। मुझे हिमाचल प्रदेश में अपने गृहनगर की बर्फीली सर्दियां वाकई याद आती है। इस साल मै सेंट एंड्रयूज़ चर्च जाने के लिए उत्साहित हूं।"



**अमर उपाध्याय** - "यह हॉलिडे सीजन खुशी और जादू लाता है। मुझे बाहर जाना, प्रियजनों से मिलना, और मज़ेदार पार्टियों का आनंद लेना पसंद है। लेकिन इस साल परिवार के साथ थोड़ा खास समय बिताने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मै अपनी बेटी के साथ स्वादिष्ट व्यंजन पकाने के लिए उत्सुक हूं।"



**अंचल साहू** - "क्रिसमस मेरे लिए पूरी तरह से जादूई अनुभव है। हर क्रिसमस ईव पर, मेरे दोस्त और परिवार इकट्ठा होते है, और माउंट मैरी चर्च जाते है। मै हमेशा घर को सजाने और हर किसी के लिए नॉट-सो-सीक्रेट सैंटा बनने का ध्यान देती हूं।"



**अलीशा परवीन** - "क्रिसमस मेरे लिए खास है क्योंकि मैं दिल्ली से हूं और शहर का चमकदार क्रिसमस मेकओवर देखने का इंतज़ार करती हूं। मैं कनॉट प्लेस के पास रहती हूं जहां कई खूबसूरत चर्च हैं। हम परिवार की तरह भगवान का आशीर्वाद लेते हैं। सैंटा को उपहार देते हुए देखना आनंददायक है।"



## पारिवारिक ड्रामा, 'मेहंदी वाला घर'

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने पारिवारिक ड्रामा, "मेहंदी वाला घर" 'संयुक्त परिवारों' में पनपने वाली खुशी, हंसी और एकजुटता की भावना है। मोहब्बत से रिश्ते हर कोई निभाता है पारिवारिक बंधनों की सही कहानी के लिए माहौल तैयार करता है। विभा छिब्बर, कंवरजीत पेंटल, रमाकांत दायमा, रवि गोसाईं, करण मेहरा, रुशद राणा, अर्पित कपूर, गन कंसारा, खालिदा जान और उष्मा राठौड़ शो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।




## दिलकश रोमांस

जी टीवी के शो कुंडली भाग्य में जादुई पल आता है जहां 'ले डूबा' पर डांस से मनोरंजन करते हैं। सना सैयद ने कहा, "ऐसा डांस फॉर्म करना बड़ा दिलकश अनुभव था, जो कहानी कहता है। इसके हर मूव की खूबसूरती, लय और कहानी कहने का अंदाज़, बिल्कुल एक दिल की भाषा जैसा है जो सीधे दिल से बात करती है। पारस के साथ परफॉर्म करना बड़ा मजेदार था, जो वाकई बेमिसाल टैलेंटेड एक्टर है।"

## मैंने रावण के लिए वर्षों इंतजार किया- निकितिन

श्रीमद रामायण महाकाव्य की कालजयी कथा 1 जनवरी 2024 को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगी, जिसमें सुजय रेऊ मर्यादा पुरूषोत्तम राम और प्राची बंसल सीता की भूमिका निभाएंगी। राजा रावण निकितिन धीर जीवंत कर रहे है। धीर कहते है- "चुनौती और उत्साहजनक अवसर दोनों है। मै रावण के व्यक्तित्व में उतरने, रावण द्वारा सामना की गई आंतरिक उथल-पुथल और संघर्षों पर प्रकाश डालने और हर बारीकियों के लिए उत्साहित हूं। यह बेमिसाल है, और मैंने 'रावण' जैसे जीवन से भी बड़े किरदार के लिए वर्षों तक इंतजार किया है। मै थोड़ा घबराया हुआ हूं लेकिन यह वह ईंधन है, जिसकी मुझे जरूरत है।"





## बच्चों जैसे दिल वाले बुजुर्ग

कलर्स का शो, 'मेरा बलम थानेदार' में शगुन पांडे और श्रुति चौधरी मुख्य भूमिकाओं में है। शगुन ईमानदार आईपीएस अधिकारी की भूमिका निभा रहे है, जिसे धोखे से सख्त नफरत है, जबकि श्रुति का मानना है कि अच्छे उद्देश्य के लिए झूठ बोलने में कोई बुराई नहीं। इसमें राजेंद्र चावला, विजे भाटिया, ऋषि खुराना और आस्था चौधरी शामिल है। राजेंद्र चावला कहते है- "बच्चों जैसे दिल वाले बुजुर्ग किरदार की भूमिका निभाना दिलचस्प यात्रा होगी। जो जीवन के अंतिम पड़ाव में ध्यान आकर्षित करने के लिए नखरे दिखाता है, चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों रहा है।"




# बॉलीवुड किरदारों का रहा बेहतरीन परफॉरमेंस

सिनेमा में 2023 महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ, जिसमें अभिनेता ने किरदारों में जान फूंक परिवर्तनकारी लहर के साथ सिनेमाई परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी। कलाकारों ने बॉलीवुड इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया-

### रणबीर कपूर का बीस्ट मोड

"एनिमल" में रणबीर ने कायापलट की ऐसी यात्रा शुरू की जिसने आश्चर्यचकित कर दिया। कपूर ने चुनौती का सामना किया। प्रोस्थेटिक्स और पॉट-बेलिड लुक के लिए सिलिकॉन बॉडी सूट का उपयोग करते हुए, उन्होंने पूरा लुक बदल दिया। कपूर 82 किलो के हो गए।



### मनीष पॉल की प्रतिभा

मनीष ने "रफूचक्कर" में बहुमुखी प्रतिभा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। कठिन फिटनेस दिनचर्या और सावधानीपूर्वक आहार उनके आधारशिला थे। प्रोस्थेटिक्स का उपयोग करते हुए, पॉल ने अद्वितीय प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।



### विक्की कौशल की सैन्य मुद्रा

"सैम बहादुर" में विक्की का किरदार मास्टरक्लास था। सैन्य शैली के बाल कटवाने से लेकर वर्दी तक, सैन्य प्रतीक देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनकी आंखों और अनुशासित मुद्रा ने सैम मानेकशॉ के सार को पकड़ लिया।



### जयदीप अहलावत का परिवर्तन

अहलावत ने "जाने जान" के लिए उल्लेखनीय कायापलट किया। नरेन के रूप में शक्तिशाली प्रदर्शन करते हुए, प्रोस्थेटिक्स ने उनके केश विन्यास, चेहरे की उपस्थिति और ध्यान देने योग्य वजन घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### आयुष्मान खुराना स्त्री चरित्र


आयुष्मान वास्तव में "ड्रीम गर्ल 2" में केंद्र स्तर पर रहीं। खुराना ने वजन घटाने की यात्रा की। लड़की के तौर-तरीकों बल्कि शारीरिक पहलुओं के लिए भूमिका में डूबने के लिए प्रेरित किया। अभिनेता के रूप में बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करती है।




# 2023 ट्रेंडिंग गाने

2023 ने ढेर सारी मनमोहक धुनें पेश की हैं, खासकर स्वतंत्र कलाकारों की, जो अमिट छाप छोड़ रहे हैं। ऐसे ट्रेंडिंग गानों के बारे में जानें जो छाए रहे-

**आपके साथ** - "विथ यू" तेजी से वीकली टॉप सॉन्स इंडिया चार्ट पर दूसरे स्थान पर और डेली ग्लोबल चार्ट पर प्रभावशाली 38वें स्थान पर पहुंच गया। जो एपी ढिल्लियन की है।





**तू मिले दिल खिले** - स्टेबिन बेन और असीस कौर द्वारा लिखित "तू मिले दिल खिले" ने विभिन्न संगीत चार्टो में अपना नाम दर्ज कराया। शीर्ष 40 गीतों से लेकर शीर्ष 20 पसंदीदा गीतों तक लगातार उपस्थिति बनाए रखी है।




**चेक** - शुभ द्वारा "चेक" ने शीर्ष 100 कनाडा संगीत चार्ट और शीर्ष 40 कनाडाई गाने चार्ट जैसे शीर्ष में भी स्थान हासिल किया है। शुभ का संगीत वीडियो प्रसिद्ध रत्न बन गया।




**हीरिये** - चार्टबस्टर, "हीरिये" खूबसूरत कहानी बुनती है, जहां जसलीन रॉयल, अरिजीत सिंह के साथ, सपनों से परे प्यार की कहानी सुनाती है। मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत में जादू का स्पर्श है।



**मान मेरी जान** - किंग के "मन मेरी जान" ने शीर्ष स्थान का दावा किया है, जो डेली टॉप सॉन्स ग्लोबल चार्ट पर एकमात्र गैर-बॉलीवुड हिंदी पॉप ट्रैक है। बिलबोर्ड चार्ट पर भी 138 का स्थान रखता है, जो अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उपस्थिति को मजबूत करता है।



**जुनूनी** - रियार साब का "ऑब्सेस्ड" पसंदीदा बन गया है, इसका श्रेय विक्की कौशल के वायरल डांस "गड्डियां उचियां राखियां" को जाता है। पंजाबी हिप-हॉप नंबर एक बन गया।



# अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं हार्दिक



## आईपीएल में खेलना भी मुश्किल

नई दिल्ली,(एजेंसी)। वनडे वर्ल्डकप 2023 के शुरुआती मैचों के दौरान चोटिल हुए भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज से भी बाहर बैठ सकते हैं, इतना ही नहीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 तक भी उनकी वापसी मुश्किल ही नजर आ रही है।

हार्दिक वर्ल्ड कप 2023 में चोटिल होने के बाद से ही क्रिकेट के मैदान से दूर चल रहे हैं। वह वर्ल्डकप और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज और फिर दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर रहे। हालांकि उम्मीद की जा रही थी कि वह अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज तक फिट हो जाएंगे, लेकिन इसकी उम्मीद कम ही नजर आ रही है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि टखने की चोट से परेशान हार्दिक की फिटनेस को लेकर अब तक कोई अपडेट नहीं है और यह भी साफ नहीं है कि वह कब तक फिट हो पाएंगे। ऐसे में उनका मार्च-अप्रैल और मई में प्रस्तावित आईपीएल 2024 में खेलने पर भी सवालिया निशान बन गया है। अफगानिस्तान तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज 11 से 17 जनवरी के बीच भारत में ही खेली जानी है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले यह टीम इंडिया की आखिरी टी20 इंटरनेशनल सीरीज होने वाली है। हार्दिक की गैर मौजूदगी में टी20 इंटरनेशनल टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव कर रहे हैं। साउथ अफ्रीका सीरीज के दौरान सूर्यकुमार यादव भी चोटिल हो गए थे और उनका भी अफगानिस्तान सीरीज तक पूरी तरह फिट होना मुश्किल है, ऐसे में वह भी अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज से आउट हो सकते हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा की टी20 इंटरनेशनल टीम में वापसी होगी कि नहीं इस पर भी सस्पेंस बना हुआ है। हार्दिक पांड्या 2022, 2023 में आईपीएल में गुजरात टाइटस की ओर से खेले थे, लेकिन इस सीजन के लिए उनको मुंबई इंडियंस ने ऑल कैश डील कर गुजरात टाइटंस से ट्रेड किया है।

## हार्दिक की चोट ने बढ़ाई मुंबई इंडियंस की टेंशन

आईपीएल 2024 के लिए हार्दिक पंड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी हुई है और उन्हें रोहित शर्मा की जगह कप्तान घोषित किया गया है। अब इन सबके बीच हार्दिक की फिटनेस रिपोर्ट टीम इंडिया के साथ-साथ मुंबई इंडियंस के लिए बड़े झटके से कम नहीं है। अगर हार्दिक आईपीएल 2024 में अपनी फिटनेस इशू की वजह से हिस्सा नहीं कर पाते हैं तो फिर सवाल यह है कि उनकी अनुपस्थिति में कौन इस टीम की कप्तानी करेगा। रोहित शर्मा को इस टीम ने कप्तानी के पद से हटा दिया था और फिर हार्दिक को कप्तान बनाया गया था। ऐसी स्थिति में क्या रोहित शर्मा कप्तानी करने के लिए तैयार होंगे या फिर यह टीम किसी अन्य खिलाड़ी की तरफ रुख करेगी। वैसे मुंबई के पास सूर्यकुमार यादव भी हैं जो टीम की कप्तानी कर सकते हैं।

## आगामी टी20 विश्वकप में कौन होगा टीम इंडिया का कप्तान?

सबसे बड़ी समस्या यह है कि आईपीएल के तुरंत बाद टी20 विश्वकप होना है। आईपीएल को ही टीम चयन का आधार माना जा रहा है। उसमें न खेलते हुए फिर सीधे विश्वकप में वापसी करना भी टीम इंडिया के लिए घातक साबित हो सकता है। हार्दिक पिछले एक साल से टी-20 फॉर्मेट में टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं। ऐसा माना जा रहा था कि वह आगामी टी20 विश्वकप में भी कप्तानी करते दिखेंगे। मुंबई के कप्तान नियुक्त होने के बाद से इस बात की पूरी संभावना थी। हालांकि, अब इस बात पर भी संदेह पैदा हो गया है कि आगामी टी20 विश्व कप में टीम इंडिया की कप्तानी कौन करेगा। हार्दिक की गैरमौजूदगी में सूर्यकुमार यादव पिछले दो टी20 सीरीज से टीम इंडिया की कमान संभाल रहे हैं। हालांकि, सूर्या भी दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर चोटिल हो गए थे और अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। ऐसे में किसी नए कप्तान की नियुक्ति हो सकती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रवींद्र जडेजा टी20 सीरीज में उपकप्तान थे। ऐसे में उन्हें कप्तानी सौंपी जा सकती है। जून में टी20 विश्वकप से पहले भारत की यह आखिरी टी20 सीरीज होगी।

## उंगली में फ्रैक्चर के कारण एनसीए जाएंगे रितुराज

मुंबई,(एजेंसी)। भारत के शीर्षक्रम बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़ दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर अपनी उंगली में फ्रैक्चर के कारण बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में जाएंगे, जबकि हर्षित राणा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच से पहले भारत ए की टीम से बाहर हो गए। बीसीसीआई ने शनिवार को बताया कि सलामी बल्लेबाज गायकवाड़ दायें हाथ की अनामिका उंगली में फ्रैक्चर के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं।

## बजरंग के बाद गूंगा पहलवान भी लौटाएंगे पद्मश्री पुरस्कार

नई दिल्ली, (एजेंसी)। बजरंग पूनिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना पद्मश्री पुरस्कार लौटाने के एक दिन बाद 2005 ग्रीष्मकालीन डिफलंपिक्स (मूक बधिर खिलाड़ियों का ओलंपिक) के स्वर्ण पदक विजेता वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि वह भी बृज भूषण सिंह के करीबी सहयोगी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने विरोध में पद्मश्री पुरस्कार लौटाएंगे। वीरेंद्र सिंह यादव, जिन्हें गूंगा पहलवान के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें 2021 में प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार मिला।

## शुक्ला भारतीय अंडर- 19 महिला टीम की कोच नियुक्त

नई दिल्ली,(एजेंसी)। पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी शुक्ला दत्ता को अगले साल फरवरी में खेली जाने वाली सैफ चैंपियनशिप के लिए भारतीय अंडर-19 महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया है। पूर्व कप्तान आईएम विजयन की अध्यक्षता में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति की बैठक शनिवार को यह फैसला किया गया।

## भारतीय डेविस कप टीम को जाना होगा पाकिस्तान

नई दिल्ली,(एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) पंचाट (ट्रिब्यूनल) ने अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) की उस दलील को खारिज कर दिया है कि उसकी डेविस कप टीम को इस्लामाबाद में विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले के दौरान सुरक्षा चिंताओं का सामना करना पड़ सकता है। आईटीएफ पंचाट के इस फैसले से 60 साल में किसी भारतीय टेनिस टीम के लिए पहली बार पाकिस्तान के दौरे का रास्ता साफ हो गया। भारतीय टीम अगर पाकिस्तान की यात्रा करने में विफल रहती है तो मेजबान देश को इस टाई का विजेता घोषित कर दिया जायेगा। इससे भारतीय टीम विश्व ग्रुप दो में खिसक जाएगी। भारत की डेविस कप टीम ने पिछली बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था जब उसने मेजबान टीम को 4-0 से हराया था।

## अमेरिका के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगा भारत

रांची,(एजेंसी)। झारखंड की राजधानी रांची में 13 से 19 जनवरी से खेले जाने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में भारत की महिला टीम की पहली भिड़ंत अमेरिका से होगी। भारतीय टीम पूल बी में अपना अगला मैच 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के साथ खेलेगी जबकि 16 जनवरी को उसका मुकाबला इटली से होगा। पेरिस ओलंपिक 2024 में जगह बनाने के लिये भारतीय टीम इन दिनो आगामी प्रतियोगिता के लिए जम कर पसीना बहा रही है। आक्रामक खेल शैली के मशहूर भारत की शीर्ष मिडफील्डर सलीमा टेटे रांची में अपने घरेलू टर्फ पर खेलने के लिए उत्साहित हैं। उनका लक्ष्य एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची के दौरान इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराना है। सलीमा टेटे ने कहा, रांची लौटना हमेशा एक घर वापसी जैसा लगता है।

# भारत ने कंगारुओं पर कसा शिकंजा

### एकमात्र टेस्ट: ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 233 रन पर गंवाए 5 विकेट, 46 रन की मामूली बढ़त ली



मुंबई,(एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे एकमात्र महिला टेस्ट मैच के तीसरे तीन भी भारत का दबदबा देखने को मिला। तीसरे दिन भारतीय टीम ने पहली पारी में 406 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में पांच झटके दे दिए हैं। भारत को पहली पारी के आधार पर 187 रनों की बढ़त मिली।

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवर में 5 विकेट खोकर 233 रन बना लिए हैं। एनाबेल सदरलैंड (12) और एश्ले गार्डनर (7) क्रीज पर मौजूद हैं। तालिया मैकग्रा (73) के साथ एलिस पेरी (45) और कप्तान एलिसा हीली (32) की उपयोगी भागीदारियों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 46 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए। इससे पहले भारत ने 376/7 से आगे खेलते हुए 406 रन पर सभी विकेट खो दिए। भारत का ये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में बेस्ट स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 219 रन बनाए थे।

### मूनी ने भारत को गिफ्ट में दिया अपना विकेट

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की सबसे अनुभवी बैटर बेथ मूनी (23 रन) जिस तरह से रनआउट होकर पवेलियन लौटीं, उससे भारतीय टीम की स्थिति और ज्यादा मजबूत हो गई। मैच के तीसरे दिन मूनी भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाने की पूरी कोशिश की। 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर स्नेह राणा गेंदबाजी कर रही थीं और स्ट्राइक पर मूनी थीं। मूनी ने गेंद को डिफेंस करते हुए सिली पॉइंट पर पुश किया, जहां ऋचा घोष तैनात थीं। इस शॉट को खेलते हुए वह क्रीज से बाहर आईं और ऋचा घोष ने गेंद हाथ में आते ही स्टंप की ओर फेंक दी। एक बार को ऐसा लगा कि मूनी का ब्रेन फेड हो गया था और उन्हें समझ ही नहीं आया कि उन्हें क्रीज के अंदर वापस पहुंचना है। ऋचा ने बिना किसी गलती के गेंद स्टंप पर दे मारी और बहुत ही अटपटे और मूर्खताभरे अंदाज में मूने ने अपना विकेट भारत को गिफ्ट कर दिया।

### स्कोर बोर्ड

ऑस्ट्रेलिया महिला: पहली पारी 219/10

| भारत महिला पहली पारी (376/7 रन से आगे) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| दीप्ति शर्मा बो. गार्थ | 78 | 171 | 9/0 |
| पूजा कै. गार्थ बो. सदरलैंड | 47 | 126 | 7/0 |
| रेणुका कै. गार्डनर बो. सदरलैंड | 08 | 09 | 2/0 |
| राजेश्वरी गायकवाड़ नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त: 24, कुल: 126.3 ओवर में 406 रन पर ऑलआउट, विकेट पतन: 1-90, 2-140, 3-147, 4-260, 5-261, 6-265, 7-274, 8-396, 9-402, 10-406, गेंदबाजी: लॉरेन चीटल 9-3-23-0, किम गार्थ 14-2-58-2, एलिस पेरी 4-0-31-0, एश्ली गार्डनर 41-7-100-4, जेस जॉनासन 18-4-42-1, ऐनाबेल सदरलैंड 11.3-2-41-2, अलाना किंग 19-1-69-0, तालिया मैक्ग्रा 10-2-22-0.

| ऑस्ट्रेलिया महिला दूसरी पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| बेथ मूनी रनआउट | 33 | 37 | 7/0 |
| फीबी लिचफील्ड बो. राणा | 18 | 44 | 2/0 |
| एलिस पेरी कै. भाटिया बो. राणा | 45 | 91 | 5/0 |
| तालिया मैक्ग्रा बो. कौर | 73 | 177 | 10/0 |
| एलिसा हीली पगबाधा कौर | 32 | 101 | 1/0 |
| ऐनाबेल सदरलैंड नाबाद | 12 | 67 | 1/0 |
| एश्ली गार्डनर नाबाद | 07 | 23 | 1/0 |

अतिरिक्त: 13, कुल: 90 ओवर में 5 विकेट पर 233 रन, विकेट पतन: 1-49, 2-56, 3-140, 4-206, 5-221, गेंदबाजी: रेणुका सिंह 8-3-22-0, पूजा वस्त्राकर 8-0-36-0, स्नेह राणा 17-3-54-2, दीप्ति शर्मा 19-5-30-0, राजेश्वरी गायकवाड़ 27-10-42-0, जेमिमाह रॉड्रिग्स 2-0-13-0 हरमनप्रीत कौर 9-0-23-2.

हैरी दी (हरमनप्रीत) के हाथों में जादू है। वह जब भी गेंदबाजी करने के लिए आती है तब विकेट जरूर हासिल करती है। वह हमेशा गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहती है। हर कोई गेंदबाजी कर रहा था लेकिन हमें एक जादुई गेंदबाज की जरूरत थी जो विकेट ले सके क्योंकि उनकी साझेदारी लंबी खिंच गई थी। इससे हम लय हासिल करने में भी सफल रहे।

**दीप्ति शर्मा**, भारतीय ऑलराउंडर

# बांग्लादेश ने मैच व कीवियों ने जीती एकदिवसीय सीरीज

### अंतिम मैच में न्यूजीलैंड की 9 विकेट से करारी हार



नेपियर,(एजेंसी)। शोरिफुल इस्लाम (22 रन पर तीन विकेट), मैन ऑफ द मैच तंजीम हसन साकिब (14 रन पर तीन विकेट) और सौम्य सरकार (18 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से बांग्लादेश ने शनिवार को सीरीज का तीसरा और अंतिम वनडे एकतरफा अंदाज में 209 गेंद शेष रहते नौ विकेट से जीत कर न्यूजीलैंड के क्वीन स्वीप के इरादे को विफल कर दिया।

इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। विल यंग को मैन आफ द सीरीज के सम्मान से नवाजा गया। मैक्लीन पार्क में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.4 ओवर में 98 रन बनाए। मात्र 99 रन के विजय लक्ष्य को बांग्लादेश ने एक विकेट खोकर 16वें ओवर में ही हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड के लिए विल यंग (26) ने अपनी टीम के लिए बल्ले से सर्वाधिक योगदान दिया। न्यूजीलैंड के छह खिलाड़ी तो अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक भी पहुंचाने में असफल रहे। जवाबी लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश के लिए अनामुल हक (37) और कप्तान नजमुल शांतो (51) ने तेज रफ्तार से 69 रन जोड़ कर जीत की ओर कदम बढ़ा दिए। इसके बाद नए बल्लेबाज लिटन कुमार दास (एक नाबाद) ने कप्तान के साथ मिलकर जीत की औपचारिकता को निभाया।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेंचुरियन में खेले जाने वाले पहले टेस्ट पर बारिश का साया

सेंचुरियन,(एजेंसी)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 26 दिसंबर से खेले जाने वाले पहले टेस्ट पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है। सुपरस्पोर्ट पार्क की पिच का तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होने की उम्मीद है जिससे बल्लेबाजों को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

सेंचुरियन के क्यूरेटर ब्रायन ब्लॉय ने कहा कि टेस्ट के शुरूआती दिन और दूसरे दिन के ज्यादातर हिस्से में खेल की संभावना बहुत कम है तथा भारी बारिश के कारण तापमान में गिरावट होगी जिससे स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। ब्लॉय ने कहा, तापमान काफी कम होगा जैसे 20 डिग्री। अभी तापमान 34 डिग्री है और यह गिरकर 20 डिग्री तक पहुंच जाएगा। मैं नहीं जानता कि हालात कैसे होंगे कि हमें पहले दिन खेलने को मिलेगा या नहीं। उन्होंने कहा, उम्मीद करता हूं कि कुछ खेल हो और तीसरे दिन यह ठीक रहेगा लेकिन मुझे नहीं पता कि पिच पर कितना टर्न होगा। पहला टेस्ट शुरू होगा। ब्लॉय ने कहा कि अगर पिच कवर रहेगी तो पहले बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, मैं मौसम की भविष्यवाणी की गारंटी नहीं ले सकता लेकिन अगर पिच दो दिन में ज्यादातर समय ढकी रहेगी तो पहले बल्लेबाजी करना थोड़ा पेचीदा हो सकता है क्योंकि यह काफी लंबे समय तक ढकी रहेगी और हमें नहीं पता कि मौजूदा स्थिति में यह कितने समय में खेलने के लिए तैयार होगी। उन्होंने कहा, अगर तीसरे दिन खेल सुबह 10 बजे शुरू होगा तो हमें ज्यादा समय नहीं मिलेगा।



# मैनचेस्टर सिटी ने जीता क्लब विश्वकप खिताब

जेद्दा,(एजेंसी)। मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप फाइनल में फ्लूमिनेसे को 4-0 से हराकर 2023 में पांचवां खिताब अपने नाम किया। मैनचेस्टर सिटी ने महज 40 सेकेंड के अंदर ही बढ़त बना ली थी जब जूलियन अल्वारेज ने गोल दागा। फ्लूमिनेसे के कप्तान निनो के 27वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से मैनचेस्टर सिटी की बढ़त दोगुनी हो गई और फिर फिल फोडेन ने 72वें मिनट में टीम का तीसरा गोल किया।



अल्वारोज ने 88वें मिनट में अपने दूसरे गोल से मैनचेस्टर सिटी को 4-0 पर ला दिया। इससे मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्वकप खिताब अपनी झोली में डाला और उसने यूरोप को फीफा की इस क्लब प्रतियोगिता के 17 चरण में 16वीं ट्रॉफी दिलाई। मैनचेस्टर सिटी इस साल एफए कप, प्रीमियर लीग, चैम्पियंस लीग और सुपर कप खिताब जीत चुका है। इस जीत से पेप गुआर्डियोला तीन विभिन्न टीमों के साथ क्ल विश्व कप जीतने वाले पहले कोच बन गए। उन्होंने बार्सिलोना को 2009 और 2011 में यह खिताब दिलाया था। फिर 2013 में बायर्न म्यूनिख को भी यह ट्रॉफी दिलाई थी।

# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने महिला कबड्डी में खिलाए फर्जी खिलाड़ी

भोपाल,(खेसं)। महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा आयोजित हो रही पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभा करने गई अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा की टीम की पांच खिलाड़ी कृतिका, रिशिता चंदेल, किरण ठाकुर, सिमरन कपाड़िया और अंकिता सिंह फर्जी निकली। इसमें से तीन खिलाड़ी गवर्नमेंट कॉलेज नरोजाबाद और दो खिलाड़ी मॉडल साइंस गवर्नमेंट कॉलेज रीवा की पकड़ी गई है। यह फर्जीवाड़ा एमपी ऑनलाइन से स्कैनर द्वारा चेक करने पर सामने आया पांच मे सें तीन खिलाड़ियों का एक ही आईडी में एडमिशन दिख था है और दो खिलाड़ियों की फीस रसीद में छेड़छाड़ किया गया बता जा रहा है यानी कि जानबूझकर इस तरीके से खिलाड़ियों के फर्जी प्रवेश दिखाकर टीम बनाकर भेजी गई। मजेदार बात यह है कि तीन फर्जी खिलाड़ी जी कॉलेज की है टीम के कोच विजय सिंह भी उसी कॉलेज में अतिथि विद्वान के रूप में स्पोर्ट्स ऑफिसर है और दो की फीस रसीद मे छेड़छाड़ कर के लाया गया पकड़ मे आया है दो मैच जीतने के बाद आज रीवा की टीम को डिबार कर दिया गया सुना गया है कि इंदौर में हुई पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में भी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुछ खिलाड़ी फर्जी निकले थे यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है की फर्जी खिलाड़ियों को खिलाकर टीम को विजयी बनाने का कुचक्र चलाया गया ज्ञात होगी अभी कुछ महीने पहले ही अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग में बड़े विवादित तरीके से एक सबसे कम योग्यता रखने वाले व्यक्ति को डायरेक्टर के पद पर चयनित कर दिया गया है।

## सीबीएसई नेशनल हॉकी 26 दिसंबर से

भोपाल,(खेसं)। श्री भवंस भारती पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल हॉकी अंडर-19 (बॉयज एवं गर्ल्स) प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 दिसंबर से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साइ) खेल मैदान पर किया जाएगा। जिसमें संपूर्ण भारत देश के साथ-साथ गल्फ देश के सीबीएसई स्कूलों की 30 टीमें भी भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता की सभी तैयारियां अंतिम चरणों पर है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 25 दिसंबर को शाम 4:00 बजे श्री भवंस भारती पब्लिक स्कूल खेल मैदान पर किया जाएगा। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले लीग कम नॉकआउट आधार पर डे के साथ साथ नाइट (दूधिया रोशनी) में भी खेले जाएंगे।

## मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में जेपी यादव के शतक से जीता आईपीसीए

भोपाल,(खेसं)। स्पोर्ट्स क्लब ऑफ भोपाल द्वारा आयोजित 7वीं मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में जेपी यादव के शानदार शतक की बदौलत आईपीसीए ने हमीदिया स्पोर्ट्स को 56 रन से हराया। हमीदिया स्पोर्ट्स के खिलाफ आईपीसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में बगैर विकेट खोए 215 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जेपी यादव ने नाबाद 112 रन और अब्दुल अकील ने नाबाद 79 रन का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलते हुए हमीदिया स्पोर्ट्स की टीम 20 ओवर में 159 रन ही बना सकी। जिसमें ओसाफ ने संघर्षपूर्ण 59 रन, इसा ने 30 और नारायण शर्मा ने 26 रन का योगदान दिया। आईपीसीए की तरफ से गेंदबाजी करते हुए जामरान ने तीन, मुश्ताक और सरगम ने एक-एक विकेट लिया। जेपी यादव को शतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## मध्य प्रदेश हैंडबॉल संघ के खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



भोपाल,(खेसं)। मध्य प्रदेश हैंडबॉल संघ भोपाल के खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश पुलिस के स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रदीप पांडे से भेंट की। पांडे जी ने भोपाल संघ के खिलाड़ियों को सत्र 2023 में अर्जित की सफलताओं के लिए सम्मानित किया, और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। हाल ही में आयोजित 67वीं राज्य स्तरीय -17 बालक वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता में भोपाल संभाग उपविजेता रहा। भोपाल संभाग टीम प्रतियोगिता के फाइनल में मेजबान ग्वालियर संभाग की टीम से पराजित हुई। भोपाल टीम के शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता रहने पर भोपाल जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष कृष्णा घाड़गे, सचिव संदीप राव, मध्यप्रदेश पुलिस टीम के प्रशिक्षक भरत पांडे ने टीम को भविष्य में और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

## वीर नर्मदा, राष्ट्र संत तुडोजी, महाराज कृष्ण कुमार व मुंबई यूनिवर्सिटी सेमीफाइनल में



वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेबल टेनिस मेंस टूर्नामेंट

भोपाल,(खेसं)। वीर नर्मदा साउथ गुजरात, राष्ट्र संत तुडोजी नागपुर, महाराज कृष्ण कुमार सिंह और मुंबई यूनिवर्सिटी ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वधान में आयोजित वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेबल टेनिस मेंस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आईईएस यूनिवर्सिटी में खेले जा रहे टूर्नामेंट में शनिवार को प्री क्वॉर्टर एवं क्वार्टर फाइनल के मुकाबले खेले गए। प्री क्वार्टर फाइनल में राष्ट्र संत तुडोजी नागपुर यूनिवर्सिटी ने स्वामी रमानन्द तीर्थ मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी को 3-0 से, महाराज गंगा सिंह यूनिवर्सिटी ने महाराष्ट्र स्वस्थ विज्ञान यूनिवर्सिटी 3-1 से व महाराज कृष्ण कुमार सिंह ने महाराज गंगा सिंह यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वॉर्टर फाइनल मुकाबलों में वीर नर्मदा साउथ गुजरात यूनिवर्सिटी ने सूरत यूनिवर्सिटी को 3-1 से, राष्ट्र संत तुडोजी नागपुर यूनिवर्सिटी ने सेज यूनिवर्सिटी को 3-0 से, महाराज कृष्ण कुमार सिंह यूनिवर्सिटी ने सावित्री बाई पुणे यूनिवर्सिटी को 3-2 से व मुंबई यूनिवर्सिटी ने शिवाजी यूनिवर्सिटी कोलहापुर को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 24 दिसम्बर को टूर्नामेंट में सेमीफाइनल एवं फाइनल के मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, गोवा एवं महाराष्ट्र से 65 टीमो के लगभग 500 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया।

## राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश शीर्ष पर



भोपाल,(खेसं)। युवा कल्याण एवं खेल विभाग और रेलवे इंस्टीट्यूट के सहयोग से यूथ स्पोर्ट कराटे एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित 20वीं राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश 19 पदक के साथ शीर्ष पर पहुंचा। इसके अलवा पंजाब 13 पदक के साथ दूसरे और हिमाचल प्रदेश 7 पदक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में मुख्य रेफ्री ग्रैंड मास्टर सईद शेख तथा रेफ्री ध्रुवेंद्र सिंह राणा, शिवम विश्वकर्मा, रिद्धि राणा, पुष्कर साहू, कंचन, करिश्मा, तनु शर्मा, ज्योति निरंजन, आयुष जैन, हैं। आज युक्त प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल होंगे।

क्रिसमस स्पेशल

ईसा मसीह का जन्मदिन सदियों से क्रिसमस पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता है कि लगभग सभी धर्मों के लोग दुनिया भर में इसे उल्लास से मनाते हैं। इस पर्व में निहित प्रेम और भाईचारे का संदेश ही वास्तव में सभी को एक-दूसरे से जोड़ता है, विश्व बंधुत्व की भावना के लिए प्रेरित भी करता है।

# प्रेम-उल्लास का वैश्विक पर्व क्रिसमस



{ कवर स्टोरी / धीरज बसाक }

हर वर्ष 25 दिसंबर को दुनिया के हर कोने में क्रिसमस का पर्व मनाया जाता है। क्रिसमस का यह पर्व यूं तो ईसाई धर्म के प्रवर्तक ईसा मसीह के जन्मदिन की खुशी के रूप में ईसाई धर्म के अनुयायियों के द्वारा मनाया जाता है, लेकिन बहुत से गैर ईसाई लोग भी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने वाले इस पर्व को खुशी-उल्लास से मनाते हैं। अपने देश भारत में भी बड़े पैमाने पर सभी धर्मों के लोग क्रिसमस मनाने लगे हैं।

### अरबों लोग मनाते हैं यह पर्व

अगर आंकड़ों के हिसाब से देखें तो दुनिया में करीब 2.20 अरब क्रिश्चियन हैं। वे सब तो भरपूर उल्लास के साथ क्रिसमस को सेलिब्रेट करते ही हैं, साथ ही करीब 50 करोड़ दूसरे धर्म के मानने वाले लोग भी इस पर्व को मनाते हैं। इस तरह दुनिया में क्रिसमस अकेला ऐसा पर्व है, जिसे करीब पौने तीन अरब से अधिक लोग मनाते हैं। दूसरे नंबर पर ईद का पर्व है, जिसे दुनिया भर के करीब 2 अरब लोग मनाते हैं।

### शुरुआत के संदर्भ में मान्यता

क्रिसमस ईसाईयों का सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। माना जाता है कि 25 दिसंबर को ही बैतलहम में मैरी और जोसेफ के घर जीसस क्राइस्ट का जन्म हुआ था। सन् 221 में एक ईसाई यात्री सेक्सटस जूलियस अफ्रीकनस ने पहली बार 25 दिसंबर यानी जीसस के जन्मदिन को क्रिसमस के रूप में मनाया था। तभी से धीरे-धीरे ईसाई धर्म के अनुयायियों के बीच जीसस के जन्मदिन को क्रिसमस पर्व के रूप में मनाया जाना शुरू हुआ। सेक्सटस जूलियस अफ्रीकनस नामक इस ईसाई यात्री ने दूसरी सदी के अंत और तीसरी सदी की शुरुआत तक का इतिहास भी लिखा है।









### होता है उमंग-उल्लास का माहौल

कई यूरोपीय देशों में 25 दिसंबर यानी क्रिसमस के दिन प्रभु यीशु से संबंधित वैसे ही झांकियां निकलती हैं, जैसे अपने देश में रामलीला के अवसर पर या गुरुपर्व पर झांकियां निकलती हैं। क्रिसमस एक ऐसा धार्मिक उत्सव है, जिसका आनंद सभी धर्मों के लोग लेते हैं, क्योंकि क्रिसमस को लेकर कट्टर धार्मिक आग्रह नहीं है। इसलिए यह त्योहार गैर ईसाई लोग भी पूरे मन से मनाते हैं। इस दिन लोग शाम के समय गिरिजाघर जाते हैं और मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना करते हैं। बच्चों को खासतौर पर क्रिसमस का इंतजार इसलिए भी रहता है, क्योंकि 24 दिसंबर की रात में सांता क्लॉज की वेशभूषा में उनका कोई अपना या अंजान व्यक्ति आकर उन्हें चॉकलेट और दूसरे गिफ्ट्स देता है। इस दिन लोग 'क्रिसमस कैरोल' नामक एक खास तरह का गीत गाते हैं। इस मौके पर कई लोग एरोकेरिया नामक पौधे को छोटे-छोटे रंगीन गेंदों, बल्ब और खिलौनों से सजाते हैं, जिसे क्रिसमस ट्री कहा जाता है।

### प्रेम-भाईचारे का देता है संदेश

वैसे तो यह पर्व प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। लेकिन यीशु ने अपने अवतारी जीवन में प्रेम और करुणा के जिन उच्च मानवीय मूल्यों की महत्ता को स्थापित किया, वो उस काल में ही नहीं आज के दौर और हर युग में प्रासंगिक हैं। आज जब हर ओर हिंसा, दुख और तनाव का माहौल है, ऐसे में हम प्रभु यीशु के संदेशों को अपने जीवन में अगर अपना लें, तो ही वैश्विक शांति स्थापित हो सकती है और तभी क्रिसमस पर्व मनाने की सार्थकता होगी। *

### जमकर की जाती है खरीदारी


जिस तरह से भारत में दीपावली का त्योहार खरीदारी का बहुत बड़ा मौका होता है, उसी तरह अमेरिका और यूरोप के देशों में सबसे ज्यादा शॉपिंग क्रिसमस के मौके पर होती है। बिग डे शॉपिंग जैसे कॉन्सेप्ट वास्तव में क्रिसमस पर होने वाली शॉपिंग की वजह से ही पॉपुलर हुए हैं। माना जाता है कि विश्व के उपभोक्ता बाजार को गति देने में और उसे महत्वपूर्ण बनाने में क्रिसमस शॉपिंग का बहुत बड़ा योगदान है। अनुमान के मुताबिक समूची दुनिया में क्रिसमस के मौके पर इतनी शॉपिंग होती है, जितनी समूचे अफ्रीकी देशों का वार्षिक बजट भी नहीं होता। इसलिए ना सिर्फ लोगों की खुशियों से बल्कि कारोबार की खुशियों से भी क्रिसमस का बहुत गहरा नाता है, इसलिए यह आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति का सबसे पसंदीदा पर्व भी है।

{ वर्ल्ड रिकॉर्ड / शिखर चंद जैन }

## क्रिसमस पर लाखों लाइट्स से जगमगाता है यह अमेरिकी घर



अगर किसी गांव का कोई घर अपनी जगमगाहट के कारण गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो जाए तो अचरज होना स्वाभाविक ही है। यही नहीं इस अनूठे प्रकाशमान घर के कारण एक छोटा-सा अमेरिकी गांव क्रिसमस के अवसर पर चर्चित पर्यटन स्थल बन जाता है। इस गांव की आबादी तो लगभग 4,600 लोगों की है, लेकिन क्रिसमस के दौरान, इस अनोखे घर को देखने यहां 60,000 से अधिक पर्यटक आ जाते हैं।



जी हां, हम बात कर रहे हैं न्यूयॉर्क (अमेरिका) के ग्रामीण इलाके डचेज काउंटी के नियनवाले गांव में रहने वाले दंपति टिमोथी और ग्रेस गे के घर की। नियनवाले गांव के अंधेरे माहौल में उनका यह अनूठा घर दूर से किसी प्रकाश स्तंभ की तरह चमकता हुआ दिखता है।

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि क्रिसमस के मौके पर टिमोथी-ग्रेस गे के इस घर में 7,20,420 बल्ब जलते हैं। ये बल्ब एक साउंड ट्रैक से जुड़े हुए होते हैं, जो करीब ढाई सौ गीतों की धुन पर बार-बार रंग बदलते हैं। इससे जगमगाहट से पूरा माहौल जादुई और बहुत आकर्षक लगता है। यहां एक तालाब भी है, दोनों किनारे पर लगे पेड़ों पर बंधी रस्सी में बड़ा सा ग्लोब, हार्ट, सितारे और इंद्रधनुष लटकाए जाते हैं। ये सभी आकृतियां भी रंग-बिरंगे बल्बों से बनी होती हैं। इनकी छाया जब तालाब के जल में पड़ती है तो देखने वाले को लगता है, मानो वह किसी मायालोक में आ गया है।

**ऐसे हुई सजावट की शुरुआत:** टिमोथी और ग्रेस गे (पति-पत्नी) ने सबसे पहली बार अपने इस घर को वर्ष 1995 में छोटे बल्बों से रोशन किया था। यह मौका था, उनके पहले बच्चे के जन्मोत्सव का। अपनी खुशी का इजहार करने के लिए इस दंपति ने अपने घर को 600 रंग-बिरंगे बल्बों से सजाया था। कुछ वर्षों बाद अपने शौक को बढ़ाते हुए उन्होंने अपने 1.7 एकड़ में फैले आवासीय परिसर के सामने तालाब के आस-पास मौजूद पेड़ों और झाड़ियां को भी मिनी बल्बों की झालर से सजा दिया।

**बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड:** हर साल घर सजाने के क्रम में वर्ष 2011 में टिमोथी-ग्रेस गे को पता चला कि ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले एक दंपति भी अपने घर को लाइटों से सजाते हैं और उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। उस दंपति से टिमोथी और ग्रेस गे सिर्फ कुछ बल्ब कम लगाते थे। यह जानकारी मिलते ही टिमोथी और ग्रेस गे ने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने की ठान ली। इस तरह अगले ही साल वर्ष 2012 में उन्होंने यह वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल कर लिया। 2013 में वे पिछड़ गए थे, लेकिन उसके बाद 2014 से अब तक उनका ही नाम गिनीज बुक में दर्ज है। अपने इस अनूठे शौक के कारण इस दंपति की ख्याति राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गई है। टिमोथी-ग्रेस गे के साथ-साथ उनका गांव भी दुनिया भर में चर्चित हो गया है। *

{ अमेजिंग }

## वर्ल्ड हाइएस्ट वूडेन चर्च

क्रिसमस के पर्व पर चर्च को बहुत शानदार तरीके से सजाया जाता है। इस अवसर पर प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की खुशी में चर्च में बड़ी संख्या में लोग जुटकर प्रेयर करते हैं, कैरोल्स गाते हैं और एक-दूसरे को क्रिसमस विश करते हैं।

वैसे तो दुनिया भर में ईसाई धर्म के लोगों के लिए बड़ी संख्या में चर्च मौजूद हैं। लेकिन उनमें से कुछ चर्च अपनी विशिष्ट संरचना के कारण दुनिया भर में चर्चित हैं। इनमें से ही एक वर्ल्ड हाइएस्ट वूडेन चर्च भी है। यह चर्च रोमानिया देश के मारामुरेस काउंटी में सापांता गांव के पास सापांता पेरी मोनेस्ट्री में स्थित है। इस चर्च का नाम दुनिया के सबसे ऊंचे वूडेन चर्च के तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।

इस चर्च की ऊंचाई 78 मीटर यानी करीब 256 फीट है। चर्च की इमारत इतनी ऊंची है कि इसे पांच किलोमीटर की दूरी से देख सकते हैं। चर्च का निर्माण मारामुरेस शैली में हुआ है। चर्च के निर्माण में ऑक वुड (बतूल की लकड़ी) का इस्तेमाल हुआ है। ऑक वुड सबसे मजबूत मानी जाती है और लंबे समय तक टिकी रहती है। सापना पेरी मोनेस्ट्री में बना यह चर्च, वर्तमान में रोमानिया देश में ईसाई धर्मावलंबियों के सबसे लोकप्रिय स्थानों में शामिल है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे



{ फेस्टिवल स्टोरी / योगेश कुमार गोयल }

क्रिसमस वाले दिन बच्चों को सांता क्लॉज का खासतौर से इंतजार रहता है। इस दिन वे बच्चों के लिए ढेर सारे उपहार और तरह-तरह के खिलौने लेकर आते हैं। सांता क्लॉज की वास्तविकता से जुड़ी कई कहानियां प्रचलित हैं।



## दयावान-बच्चों के प्यारे सांता क्लॉज

क्रिसमस का नाम सुनते ही बच्चों के मन में सफेद-लंबी दाढ़ी वाले लाल-सफेद रंग की ड्रेस और सिर पर फुनगी वाली टोपी पहने पीठ पर खिलौनों उपहारों का झोला लादे बूढ़े बाबा 'सांता क्लॉज' की तस्वीर उभर आती है। बच्चे प्यार से सांता क्लॉज को 'क्रिसमस फादर' भी कहते हैं। सांता क्लॉज के प्रति ना केवल ईसाई समुदाय के बच्चों का बल्कि दुनिया भर में अन्य समुदायों के बच्चों का आकर्षण भी पिछले कुछ समय में काफी बढ़ा है। इसका एक कारण यही है कि विभिन्न शहरों में 25 दिसंबर के दिन सांता क्लॉज बने व्यक्ति विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर खड़े हर समुदाय के बच्चों को बड़े प्यार से उपहार बांटते देखे जा सकते हैं।



**कौन है सांता क्लॉज :** सांता के बारे में ढेरों कहानियां पढ़-सुनकर अधिकांश बच्चों के दिमाग में यह सवाल जरूर उमड़ता है कि उन्हें उपहार देने और इतना प्यार करने वाला यह सांता क्लॉज आखिर है कौन, यह कहां से आता है और बच्चों को उपहार क्यों देकर जाता है? बच्चों का दिल रखने के लिए कुछ माता-पिता उन्हें कह देते हैं कि वह एक देवदूत है, जो क्रिसमस की रात अपने 8 रेंडियर वाले स्लेज पर बैठकर स्वर्ग से आता है और बच्चों को उपहार बांटकर स्वर्ग वापस चला जाता है। जबकि कुछ बच्चों के पैरेंट्स यह कहकर उनकी जिज्ञासा शांत करते हैं कि सांता क्लॉज, बहुत दूर स्थित एक बर्फीले देश से आता है। वास्तव में सांता क्लॉज, चौथी शताब्दी में मायरा के निकट एक शहर (जो अब तुर्किए के नाम से जाना जाता है) में जन्मे संत निकोलस का ही रूप है।

**संत निकोलस बने सांता क्लॉज :** प्राचीन कथा के अनुसार, संत निकोलस के पिता एक बहुत बड़े व्यापारी थे, जिन्होंने निकोलस को अच्छे संस्कार देते हुए दूसरों के प्रति सदा दयाभाव रखने और जरूरतमंदों की सहायता करने को प्रेरित किया। निकोलस पर इन सब बातों का इतना असर हुआ कि वह हर समय जरूरतमंदों की सहायता करने को तत्पर रहते। बच्चों से तो उन्हें खास लगाव था।

**प्रचलित हैं कई कहानियां :** सांता क्लॉज के बारे में कई अन्य कथाएं भी प्रचलित हैं। कहा जाता है कि एक बार निकोलस को मायरा के एक ऐसे व्यक्ति के बारे में जानकारी मिली, जो बहुत धनवान था लेकिन कुछ समय पहले व्यापार में भारी घाटा हो जाने से वह कंगाल हो चुका था। उस व्यक्ति की चार बेटियां थीं लेकिन उनके विवाह के लिए उसके पास कुछ नहीं बचा था। यहां तक कि उसके परिवार के लिए तो खाने के भी लाले पड़ गए थे। जब उससे अपने परिवार की इतनी बुरी हालत नहीं देखी गई और लड़कियां विवाह योग्य हो गईं तो उसने फैसला किया कि वह इनमें से एक लड़की को बेच देगा और उससे मिले पैसे से अपने परिवार का पालन-पोषण करेगा तथा बाकी बेटियों का विवाह करेगा। अगले दिन अपनी एक बेटी को बेचने का विचार करके वह रात को सो गया लेकिन उसी रात संत निकोलस उसके घर पहुंचे और चुपके से खिड़की में से सोने के सिक्कों से भरा एक थैला घर में डालकर चले गए। सुबह जब उस व्यक्ति ने सोने के सिक्कों से भरा थैला पड़ा देखा तो वह बहुत आश्चर्यचकित हुआ। उसने ईश्वर का धन्यवाद करते हुए थैला अपने पास रख लिया और एक-एक कर धूमधाम से अपनी चारों बेटियों की शादी की। बाद में उसे पता चला कि यह थैला संत निकोलस ही उसके घर छोड़ गए थे। *



### जुराब टांगने से जुड़ी कहानी

क्रिसमस के दिन कई बच्चे रात के समय अपने-अपने घरों के बाहर अपनी जुराबें टांग देते हैं। इसके पीछे मान्यता यह है कि सांता क्लॉज रात के समय आकर उनकी जुराबों में उनके मनपसंद उपहार भर जाएंगे। इस बारे में भी एक कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि एक बार सांता क्लॉज ने देखा कि कुछ गरीब परिवारों के बच्चे आग पर सेंक कर अपनी जुराबें सुखा रहे हैं। जब बच्चे सो गए तो सांता क्लॉज ने उनकी जुराबों में सोने की मोहरें भर दी और चुपचाप वहां से चले गए।

{ लघुकथाएं }

## गरीब



रेलगाड़ी चल पड़ी थी। सभी यात्री कुछ ना कुछ करने लगे। कोई लेट गया, कोई मोबाइल देखने लगा तो कुछ आपसी गपशप में मशगूल हो गए। तभी दो युवक चना, गजक, रेवड़ी आदि बेचने के लिए आए। कुछ लोग उनसे मोल-भाव कर रहे थे, 'दो रुपए कम कर दो, पांच रुपए कम कर दो।' इस चक्कर में एक बूढ़ी महिला ने अपना सौ का नोट नीचे गिरा दिया। सामान बेचने वाले युवक रुपया उठाकर बूढ़ी महिला को देते हुए बोले, 'अम्मा, अपना पैसा संभाल कर रखो।' बूढ़ी महिला सहित बाकी लोग दोनों युवकों की ईमानदारी देखकर हतप्रभ थे। युवक अपना सामान बेचने के साथ रेलगाड़ी की सीट के नीचे अपनी पैनी नजर भी गड़ाए हुए थे। रेलगाड़ी जब एक स्टेशन पर रुकी तो दोनों युवकों ने सीट के नीचे पड़ा कचरा फटाफट एक थैले में भर लिया। 'ओह, कितने गरीब हैं दोनों। बेचारे कचरा जाकर बेचेंगे। इससे चार पैसों की और कमाई हो जाएगी।' एक यात्री ने दूसरे यात्री से कहा। तभी यात्रियों ने देखा, वे दोनों युवक रेलगाड़ी के डिब्बे से बाहर उतरे और सारा कचरा जाकर उन्होंने एक कूड़ेदान में डाल दिया। गाड़ी में बैठे खिड़की से देख रहे यात्रियों का चेहरा फक रह गया। वे सोच रहे थे, 'ये गरीब युवक तो बेहद समझदार निकले। नासमझ तो हम हैं, जो रेलगाड़ी के डिब्बे में गंदगी फैलाए हुए थे।' *

-हरीशचंद्र पांडे

## गिफ्ट




आज क्रिसमस था। स्कूल में काफी चहल-पहल थी। तरह-तरह की प्रतियोगिताएं हो रही थीं। फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन में छोटे-छोटे बच्चे सांता क्लॉज बनकर रेड कारपेट पर आते और अपनी झोली से टॉफियां निकालकर दर्शकदीर्घा में बैठे बच्चों की ओर उछाल देते। बच्चे टॉफियां कैच करके गप्प से मुंह में रख लेते। सभी बच्चों के चेहरे खुशी से खिले थे। लेकिन इन बच्चों के बीच बैठी नन्ही नीतू के चेहरे पर उदासी थी। स्कूल प्रिंसिपल की नजरों से वह बची नहीं।

कुछ देर बाद ही बच्चों के बीच में एक बड़ा सांता क्लॉज आया। वह सीधा नीतू के पास गया और बोला, 'हैलो नीतू, अपना गिफ्ट लो!' अपने सामने सांता क्लॉज को देखकर नीतू के चेहरे पर मुस्कान आ गई। लेकिन अगले ही पल नीतू के चेहरे की मुस्कान गायब हो गई। गिफ्ट लेने के लिए उसने बढ़ाए अपने हाथ पीछे कर लिए। यह देख सांता क्लॉज ने प्यार से नीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा, 'नीतू बेटा, यह तुम्हारा ही गिफ्ट है।'

नीतू एकाएक रो पड़ी, बोली, 'नहीं.. नहीं.. मैं यह गिफ्ट नहीं ले सकती। घर पर मेरी मां बीमार हैं। मुझे गिफ्ट नहीं, मां के लिए दवाइयां चाहिए।' सांता क्लॉज बने प्रिंसिपल यह सुनकर मन ही मन बहुत दुखी हो गए। उन्होंने तुरंत जेब से अपना पर्स निकाला और नीतू को पांच-पांच सौ के चार नोट पकड़ा कर बोले, 'ये लो नीतू तुम्हारा नया गिफ्ट। अब जाकर मां के लिए दवाइयां खरीद लेना। हमारी प्रभु से प्रार्थना है, तुम्हारी मां जल्दी ठीक हो जाएं।' नीतू की आंखें खुशी से चमक उठीं। वह स्कूल गेट की ओर भागी ताकि सांता क्लॉज से मिले रुपयों से अपनी मां के लिए दवाएं खरीद सके। वहां बैठे लोग यह दृश्य देखते ही रह गए। *

-भूपसिंह 'भारती'

# पिंडरा महोत्सव संस्कार व संस्कृति का वाहक बनेगा : दिनेश सिंह



प्रखर पिंडरा वाराणसी। उद्यान एवं कृषि राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहाकि भारतीय संस्कार व संस्कृति को जोड़ने वाला पिंडरा महोत्सव में क्षेत्र को कलाकारों को एक नया मंच देगा। उक्त बातें रविवार को पिंडरा में पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पिंडरा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि कही। उन्होंने कहाकि जो संस्कार और संस्कृति हम लोगों के गांव व देश मे मिलती है वह कही नही मिलती। बाबा विश्वनाथ व माँ गंगा के आशीर्वाद से देश के पीएम को भी यहाँ आने और विकास की गंगा बहाने का मौका मिला।

कन्नौज के सांसद सुब्रत पाठक ने कहाकि पहले तो भारत आते थे तो आगरा ताजमहल देखने जाते थे अब काशी आते है बाबा के धाम। यह परिवर्तन हमारे पीएम के भागीरथी प्रयास से सम्भव हुआ है। सकलडीहा के विधायक सुशील सिंह ने कहाकि गंगा मैया व बाबा विश्वनाथ ने पीएम मोदी को बनारस न बुलाते तो यह परंपरा व संस्कृति की पहचान महोत्सव के रूप में देखने को न मिलती। स्वागत भाषण देते हुए क्षेत्रीय सांसद वीपी सरोज ने कहाकि यह महोत्सव धर्म व संस्कृति को जोड़ने के साथ लोक नृत्य व गीत को नई पहचान देगी। वही पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह ने कहाकि ग्रामीण क्षेत्र के लुप्त हो रही लोकगीत व नृत्य को जीवंत करने वाला दिन दिवसीय महोत्सव में आये हुए सभी अतिथियों व कलाकारों के प्रति धन्यवाद देते हुए स्थानीय जनता से पूर्ण समर्थन की अपील की। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन आशुतोष पांडेय व धन्यवाद प्रभात सिंह मिंटू ने दिया। कार्यक्रम के दौरान लगातार तीसरी बार पिंडरा तहसील को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्यमंत्री द्वारा एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा क्षेत्र के करखियाव, फूलपुर, बसनी, कथौली व रघुनाथपुर के स्वतंत्रता सेनानी व शहीद सैनिकों के परिजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीडीओ हिमांशु नागपाल, डीसीपी प्रबल प्रताप सिंह, पर्यटन विभाग अधिकारी आर के रावत व संस्कृति विभाग के डॉ सुभाष यादव, डीआईओएस अवध किशोर सिंह, बीएसए अरविंद पाठक, प्रभात सिंह मिंटू, पवन सिंह, पूर्व प्रमुख सतेंद्र सिंह, अरविंद मिश्रा, शैलेश पांडेय, फौजदार शर्मा, अभिषेक राजपूत, विपिन सिंह, रामु गुप्ता, रामाश्रय सिंह, संदीप सिंह समेत दर्जनों गणमान्य लोग रहे।

**विभिन्न विभागों द्वारा लगा स्टॉल**– तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास, कृषि, पंचायत के अलावा दिव्यांग सशक्तिकरण, ग्रामोद्योग के साथ स्वच्छता से सम्बंधित स्टॉल पर ग्रामीणों को सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं के बाबत जानकारी दी जा रही थी।

## डोमरी में लगाया गया निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक संत जगद्गुरु साई माँ लक्ष्मी देवी मिश्रा की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से शक्तिधाम आश्रम की ओर से डोमरी गाँव में रविवार को निःशुल्क आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया शक्तिधाम आश्रम के प्रबंधक मनीष गुप्ता ने बताया कि शक्तिधाम आश्रम की ओर से पांच गांवो में निःशुल्क आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया गया है इसी क्रम मे कटेसर ग्राम के बाद डोमरी मे रविवार को शिविर लगाया गया इसके बाद आगामी निःशुल्क आंखों की जाँच का शिविर सुजाबाद प्राइमरी स्कूल में आयोजित किया जायेगा। वाराणसी आई बैंक सोसाइटी के डॉ.अजय मौर्य के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों की आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद की जांच की गई जिसमें मोतियाबिंद के मरीज का ऑपरेशन आने वाले दिनों में सुनिश्चित किया गया है जिन लोगों की आंखों की जांच की गई है उन सभी को निःशुल्क चश्मा वितरण आगामी दिनों में पार्षद कार्यालय सूजाबाद में ही किया जाएगा इस अवसर पर सुजाबाद -डोमरी के पार्षद मल्लू पटेल,डोमरी के पूर्व ग्राम प्रधान नत्थू सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आश्रम के डेविड ओग्रेडी , मनीष गुप्ता ,चक्रवर्ती विजय नावड, डॉ.अजय मौर्या ,रमेन्द्र पटेल,दशरथ राजभर,संजय कुमार निषाद,रिन्कू पटेल, संजय पटेल,चंदन उपाध्याय धीरेन्द्र शास्त्री,अभिनव सिंह, अब्दुल उमर, बॉबी प्रकाश, विनीत प्रजापति, शिखा वर्मा,शलिनी वर्मा,अल्मास आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### समाजवादी पार्टी बलिया के जिलाध्यक्ष के निधन पर ज़िला कार्यालय पर हुई शोकसभा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोकसभा मे पार्टी के बलिया जनपद के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव जी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनके निधन पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि राजमंगल जी पार्टी के बड़े नेता थे। वह बलिया जिलापंचायत के चेयरमैन भी रहे। उसने निधन से पार्टी ने अपना एक मजबूत सिपाही को दिया है। इस शोकसभा मे मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ नन्हकू यादव, आमिर अली, रविन्द्र प्रताप यादव, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, सदानंद यादव, दिनेश यादव आदि उपस्थित थे।

### समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा मुठही गांव में शोक संवेदना व्यक्त कर हर स्तर से मदद करने का दिलाया भरोसा



प्रखर संतकबीरनगर। आज समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम जी के नेतृत्व में मुठही खुर्द गांव में पहुंचा जिसने विगत दिनों 17 वर्षीय नौजवान छात्र मनीष यादव जिनकी पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी गई उनके परिजनों से मुलाकात की व शोक संवेदना व्यक्त कर हर स्तर से मदद करने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व जिला अध्यक्ष लोरिक यादव, वरिष्ठ नेता रामदरस यादव, राम भरोसे वारसी, एकलाख अहमद, नित्यानंद यादव, श्याम जी विश्वकर्मा, लाल बहादुर यादव, रविकांत, अफजल, मनोहर सिंह, राहुल यादव बादल, शिवशरण यादव, विजय, सूर्यभान, अशोक, ओपी यादव, सुशील, रमेश यादव, अनिल यादव, मोनू, संतराम शर्मा, डैन्जर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न





प्रखर संतकबीरनगर। मेंहदावल तहसील क्षेत्र के पत्रकारों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक रविवार को मेंहदावल कस्बे में सम्पन्न हुई। बैठक में पत्रकारों के मान-सम्मान की रक्षा तथा संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया गया।इस दौरान उपस्थित पत्रकारों ने सर्वसम्मति से इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण करने का निर्णय लिया।दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र कुमार मिश्र को तहसील संयोजक तथा विकास अग्रहरि को सह संयोजक बनाया गया। बैठक में पत्रकारों ने कहा कि जिले का एक संगठन संगठन इन दिनों सियासी चोला ओढ़ चुका है।इन विषम परिस्थितियों में पत्रकारों का अपना एक निष्पक्ष और गैर राजनीतिक पत्रकार संगठन होना जरूरी है। विचार विमर्श के बाद सभी ने इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण करने का निर्णय लिया। सर्वसम्मति से दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र कुमार मिश्र को संगठन का तहसील संयोजक तथा विकास अग्रहरि को सह संयोजक बनाया गया। संगठन की अगली बैठक 07 जनवरी 2024 को मेंहदावल में पुनः आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन की सदस्यता तथा कोर कमेटी के गठन पर मंथन होगा। बैठक में प्रमुख रूप से धर्मेंद्र कुमार मिश्र, विनोद अग्रहरि, वासुदेव यादव, बेचन यादव, इजहार शाह, शोएब सिद्दीकी, सुनील यादव, केसी चौधरी, प्रेमनारायण राय, दिनेश चौरसिया, पिन्टूलाल, मुश्ताक अहमद, रफीक अहमद, के.डी. सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

# प्राचीन कला फन ए सिपहगिरी की हुनर लोगो को सिखाने वाले उस्ताद बेलाल अहमद नोमानी को मिला अवार्ड



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जैतपुरा के रहने वाले फन ए सिपहगिरी के उस्ताद बेलाल अहमद नोमानी को भारत सरकार नीति आयोग द्वारा युद्ध कौशल प्रशिक्षण (फन ए सिपहगिरि) में वाराणसी सहित गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान में जा- जाकर लोगो को फन ए सिपहगिरी की युद्ध कौशल कला का हजारों लोगो को प्रशिक्षण दिया नीति आयोग ने इनकी मेहनत और कला को देखते हुए बेलाल अहमद नोमानी को अंतराष्ट्रीय गौरव अभिमान पुरस्कार से नवाजा है यह पुरस्कार दिल्ली में 22 दिसम्बर 2023 को मिला ये पुरस्कार पाकर उस्ताद बेलाल अहमद नोमानी ने वाराणसी का मान सम्मान बढ़ाया है` दिल्ली में पुरस्कार ग्रहण करने के बाद आज वाराणसी आने पर बेलाल अहमद नोमानी ने बताया कि मैं भारत सरकार नीति आयोग का बहुत- बहुत सुक्रगुजार हूँ की भारत सरकार ने मुझ नाचीज को युद्ध कौशल कला (फन ए सिपहगिरी) की प्रशिक्षण देने के लिए मुझे ये अवार्ड देकर मेरा हौसला बढ़ाया है मैं इसके लिए भारत सरकार नीति आयोग का बहुत बहुत शुक्रगुजार हूं` मैं आगे भी भारत की इस प्राचीन कला फन ए सिपहगिरी को जो ये कला धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है इस कला को बढ़ाने के लिए मैं लोगो को आगे भी निःशुल्क प्रशिक्षण देता रहूंगा वाराणसी आने पर उस्ताद बेलाल नोमानी का स्वागत पार्षद हाजी ओकास अंसारी, अफरोज अंसारी,पार्षद गुलशन अली,पार्षद बेलाल अंसारी ,डा0 डी के उस्ताद असलम खलीफा ,उस्ताद कलीम शम्स, उस्ताद मो0 यासीन ,उस्ताद अब्दुल कय्यूम ,उस्ताद एकराम आदि लोगो ने किया।

# वेलफेयर क्लब ने मनाई स्वर सम्राट रफी साहब की जयंती, बहाई स्वरों की सरिता



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वेलफेयर क्लब गाजीपुर के तत्वाधान में आवाज के जादूगर मोहम्मद रफी साहब की 99वीं जयंती रामदूत इंटरनेशनल स्कूल के सभा कक्ष में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सत्य प्रकाश तिवारी ने मो0 रफी साहब के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्लब अध्यक्ष डा0 शरद कुमार वर्मा ने भारत रत्न रफी साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सन 1940 के दशक से गाय की आरंभ करने वाले मोहम्मद रफी साहब 1960 से लगातार 1980 तक फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किए गए। अवार्ड की लिस्ट में सबसे पहली फिल्म चौदहवीं का चांद 1960 में रिलीज की गई जिसका गाना चौदहवीं की चांद हो या आफताब हो । रफी साहब सन 1980 तक लगातार सम्मानित होते रहें। कार्यक्रम में क्लब पीआरओ सूर्य रेख मणि ने आने से उसके आए बहार, तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया वही सुरेश गुप्ता ने गुलाबी आंखे तथा न फनकार तुझसा तेरे बाद आया मोहम्मद रफी तू बहुत आया गाकर श्रोताओं की जोरदार तालियां लूटी। कार्यक्रम में श्रुति पांडेय, अजय जायसवाल, कौशर जहां ने एक से एक प्रस्तुति देकर लोगो को झूमने को मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मनोज दुबे, राम कुमार विश्वकर्मा, मनीष तिवारी, मो0 मोहाज , शुभम गुप्ता मो0 असीस, आशीष कुमार शर्मा, श्रीमती रिंकू यादव, नौशाद अहमद, प्रमोद बिंद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्लब महिला प्रकोष्ठ सचिव शाहाना जहां ने किया।

# मीरापुर बसही उद्योग व्यापार मंडल समिति का हुआ गठन एवं पदाधिकारियों की घोषणा की गयी



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मीरापुर बसही उद्योग व्यापार मंडल समिति का 24 दिसम्बर रविवार को मीरापुर बसहीं चौराहा स्थित चंद्र वाटिका लान में किया गया गठन एवं पदाधिकारीयो की घोषणा की गई जिसमें संरक्षक मंडल संरक्षक मंडल के पदाधिकारी महेश्वर सिंह, राजबहादुर सोनकर ,भोलानाथ पटेल द्वारा घोषणा की गई` जिसमें प्रभारी सरोज प्रजापति ,संयोजक मंगल यादव ,अध्यक्ष अनीता पटेल , वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश कुमार, उपाध्यक्ष शशांक यादव, शेखर बाबा ,रमेश उपाध्याय ,प्रभात सिंह ,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अंकुर यादव,विनीत राजपूत, महामंत्री विनोद शर्मा, संगठन महामंत्री किशन सेठ, संगठन मंत्री दिलीप गुप्ता, मुकुंद सेठ, मीडिया प्रभारी राम जी पटेल, बबलू ,आय व्यय निरीक्षक सुनील पांडे , कोषाध्यक्ष संग्राम पटेल ,उप कोषाध्यक्ष नीरज सिन्हा , चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर ओपी सिंह , डॉक्टर अनिल सिंह , डॉक्टर अनिल वर्मा, डॉक्टर अजय सिंह ,डॉक्टर रमेश कुमार सिंह ,महिला प्रकोष्ठ संरक्षक दीप सिंह ,प्रभारी कंचनलता, अध्यक्ष नेहा सिंह चौहान

**विधिक सलाहकार** – शिव बहादुर पटेल, सतीश त्यागी ,कार्य समिति सदस्य सरोज कुमार पटेल ,रमेश चित्रकार, मनीष पटेल ,शिव पूजन प्रजापति ,मनोज पटेल , उमेश मौर्य ,सलाहकार सदस्य मृत्युंजय सोनकर ,विजय नारायण वर्मा, दीनदयाल गुप्ता ,अजय यादव ,उमेश मौर्य सहित कार्यकारिणी का गठन किया गया। सदस्यता अभियान के उपरांत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा यह जानकारी संस्था के संरक्षक मंडल ने दिया धन्यवाद ज्ञापन संगठन महामंत्री किशन सेठ ने किया` कार्यक्रम में प्रबुद्धजन काशी के अध्यक्ष संजय सिंह गौतम उपस्थित रहे।

# दुविधा को सुविधा में बदलने के लिए गीता का ज्ञान जरूरी : कुलपति



प्रखर पराऊगंज जौनपुर। दुविधा को सुविधा में बदलने के लिए श्रीमद्भागवत गीता का ज्ञान जरूरी 87 वॉ कुटीर संस्थान संस्थापन दिवस एवं श्री गीता जयंती समारोह कुटीर चक्के में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा कुलपति सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की आत्मा गांव मे बसती है और गॉव कुटीर में दसकम धर्म लक्षणं को रेखांकित करते हुए बताया कि हिंदुस्तान के ऋषियों ने भाषण से नहीं आचरण से पूरे विश्व के लोगों को सिखाया है। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर देवराज वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर ने छात्रों को विनम्र व्यवहार करने की बात बताते हुए भाग शब्द के तात्विक विवेचन किया और संस्थान के छात्र एवं छात्राओं को साधुवाद एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। संस्थान के प्रबंधक डॉ अजयेन्द कुमार दुबे ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहां की सूर्य हजारो कमल को देखता है आप कुटीर रूपी कमल में पधारे आप सभी का हार्दिक अभिनंदन है उन्होने कहा कि मन ही सारे कार्यों की जननी है उत्सव मनाना ही जीवन है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं प्राचार्य का संस्थान की ओर से अभिनंदन किया गया साथ ही तीनों संस्था के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने एवं सवोर्कृष्ट छात्र एवं छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व कुलपति प्रोफेसर डीडी दुबे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पाश्चात्य संस्कृति का परित्याग कर भारतीय ज्ञान का अनुसरण करना लाभकारी है। प्राचार्य प्रोफेसर आरके पांडे ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में आचार्य द्वारा गीता पाठ एवं छात्राओं ने अल्पना बनाकर तथा कथक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथि स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन छवि गुप्ता ने किया। इस अवसर पर ललिता सिंह श्रीमती शांति देवी गीता शुक्ल डॉ नीता तिवारी डॉ पूनम सिंह समेत पूर्व डॉक अधीक्षक प्रभाकर त्रिपाठी, रत्नाकर चौबे, संजय सिंह, संतोष श्रीवास्तव, गोपीनाथ उपाध्याय, श्रीभूषण मिश्र, ध्रुवनाथ चौबे, शरद मिश्र, पूर्व प्रधानाचार्य मंगला प्रसाद सिंह हरीश प्रसाद शुक्ल द्वारिका प्रसाद यादव, पूर्व प्राचार्य मेजर प्रो रमेश मणि त्रिपाठी कृष्ण देव चौबे समेत तीनो संस्थाओं के प्रधानाचार्य एवं प्राचार्य एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# छात्रों की उच्च शिक्षा का समर्थन करने के लिए 12 करोड़ मूल्य का सीजीसी जोश छात्रवृत्ति कार्यक्रम किया गया लॉन्च, प्रिंसिपल सह शिक्षक बैठक आयोजित



प्रखर पूर्वान्चल पटना। सीजीसी झंजेरी मोहाली पंजाब, एनएएसी ए+ ने 4 में से 3.4 सीजीपीए के साथ योग्य छात्रों की उच्च शिक्षा का समर्थन करने के लिए 12 करोड़ मूल्य का सीजीसी जोश छात्रवृत्ति कार्यक्रम लॉन्च किया और साथ ही पटना में होटल पाटलिपुत्र निरवाना में प्रिंसिपल सह शिक्षक बैठक भी की आयोजित। 2012 में स्थापित सीजीसी झंजेरी उत्तरी भारत में एक अग्रणी कॉलेजों का समूह है इसके कुछ पाठ्यक्रम आई.के. गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं और अन्य पंजाबी विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं जीवंत कैंपस जीवन और सर्वोत्तम प्लेसमेंट के साथ सीजीसी-जे अपने छात्रों को सर्वोत्तम करियर अवसर प्रदान करता है। पहले से कहीं बेहतर और अधिक 12 करोड़ रुपये की सीजीसी जोश छात्रवृत्ति डॉ. प्रेम कुमार,सदस्य विधान सभा गया बिहार द्वारा डॉ. हितेश कलोटा, प्रमुख प्रवेश और विपणन और अभिषेक जायसवाल, प्रबंधक प्रवेश, सीजीसी झंजेरी के साथ लॉन्च की गई है वर्तमान स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए जो अपनी रुचि के विषय में डिग्री प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक और वित्तीय विभाजन को पाटना और कम आय वाले परिवारों के छात्रों को अपनी शिक्षा जारी रखने में सहायता करना है सीजीसी झंजेरी मोहाली ने होटल पाटलीपुरा नीरवना, पटना में प्रिंसिपल कम टीचर्स मीट भी आयोजित की जहां 70 से अधिक प्रिंसिपल और शिक्षक उपस्थित थे और नई राष्ट्रीय शैक्षिक नीति पर एक-एक करके चर्चा की और परिसर और पाठ्यक्रमों को चुनने के तरीके के बारे में भी जानकारी दी जब से चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (सीजीसी), झंजेरी की स्थापना हुई तब से लेकर अब तक वे न केवल गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने में सबसे आगे रहे हैं बल्कि देश के छात्रों को आवश्यकता आधारित सहायता प्रदान करने में भी सक्रिय रहे हैं और विशेष रूप से क्षेत्र खैर यही कारण है कि अब छात्रवृत्ति की राशि 7 से बढ़कर 12 करोड़ हो गई है। छात्रवृत्ति मानदंड में शैक्षणिक रिकॉर्ड, सीजीसी जोश के लिए आवेदन करने के लिए आवश्यक परीक्षा का परिणाम, प्रदर्शित नेतृत्व और स्कूल की गतिविधियों में भागीदारी, सम्मान, कार्य अनुभव शामिल हैं इसके संदर्भ में सीजीसी झंजेरी के अध्यक्ष एस.रशपाल सिंह धालीवाल का कहना है हमारा मानना है कि उच्च शिक्षा सबसे आकर्षक निवेशों में से एक है जो एक छात्र कर सकता है और किसी भी वित्तीय बाधा को उनके निर्माण की संभावनाओं को बर्बाद नहीं करना चाहिए` शानदार करियर इसलिए प्रत्येक वर्ष सीजीसी झंजेरी अपनी छात्रवृत्ति में सुधार और विस्तार करता है ताकि अधिकतम छात्र यथासंभव व्यापक तरीकों से लाभ उठा सकें और इस साल हम सीजीसी जोश के रूप में बड़े और बेहतर छात्रवृत्ति के अवसर लेकर आए हैं जिसकी कीमत अब 12 करोड़ है।

# राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के जिला प्रभारी जुबैर अहमद पहुंचे बीजेपी कैंप कार्यालय, समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

प्रखर संतकबीरनगर। राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के जिला प्रभारी तथा गोरखपुर परिक्षेत्र के मोदी मित्र प्रभारी व उभरते हुए युवा नेता जुबैर अहमद आज अचानक अपने दल बल के साथ संतकबीरनगर जिले के भारतीय जनता पार्टी के कैंप कार्यालय पर पहुंचे। जहा उनका जोरदार स्वागत किया गया। युवा नेता जुबैर अहमद के साथ सिमरियावा क्षेत्र के कई नौजवान भी साथ में बीजेपी कर्यालय पहुंचे । भारतीय जनता पार्टी के संत कबीर नगर जिले के कैंप कार्यालय पर समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्रीय समस्याओं तथा पार्टी के मजबूती के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। आम जनमानस के बुनियादी जरूरतों के बारे में तथा आगामी 2024 की लोकसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए विचार विमर्श किया तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः एक बार फिर दिल्ली की कुर्सी पर बैठने के लिए रणनीति बनाई गई। वही जुबेर अहमद ने बताया कि 2024 की लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के लोग का भारतीय जनता पार्टी के साथ पूरा-पूरा सहयोग और साथ रहेगा। सेमरियावां क्षेत्र के आम जनमानस को भारतीय जनता पार्टी सरकार के द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी तथा महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी को मिले इसके लिए हम लोग प्रयासरत हैं और दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। मोदी सरकार का भरपूर सहयोग हम लोगों को प्राप्त है। वही भारतीय जनता पार्टी के कैंप कार्यालय पर जुबैर अहमद के साथ आए हुए उनके समर्थकों ने मोदी योगी जिंदाबाद , जुबैर अहमद जिंदाबाद के नारे लगाए। जुबैर अहमद के द्वारा समीक्षा बैठक में आए हुए लोगों का धन्यवाद दिया गया तथा आभार व्यक्त किया गया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं